@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

हरियाणा वाटिका

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 159 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 07 अप्रैल 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

डा. श्यामा प्रसाद के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं पीएम मोदी: सैनी

देश के 140 करोड़ लोगों को वट वृक्ष रूपी भाजपा छांव देने का काम कर रही : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश स्तरीय 46वां स्थापना दिवस पंचकूला में धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ मौके पर रविवार को भाजपा का प्रदेश कार्यालय रोहतक से पंचकूला शिफ्ट हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने विधिवत हवन-यज्ञ कर नए कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं सहित प्रदेशवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस और राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य जीवन की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अटल चौक, अटल पार्क की आधारशिला रखी और पंचकूला कार्यालय में अटल सभागार का उद्घाटन भी किया। अटल सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बने। अटल जी के नेतृत्व में जनसंघ के बाद भाजपा की यात्रा दो सांसदों से शुरू होकर इतनी तेज गति से आगे बढ़ी कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीन बार जनता ने भाजपा को समर्थन दिया और आज नॉन स्टॉप भाजपा की सरकार देश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने एनडीए का गठन किया जिसे आज प्रधानमंत्री मोदी भी साथ लेकर चल रहे हैं और देश को आगे बढ़ाने और विकसित करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है कि पार्टी के प्रदेश कार्यालय पंचकमल से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश की जनता की अपेक्षाओ पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज अटल पार्क का शिलान्यास हुआ है, इस पार्क में अटल जी की स्मृतियां देखने को मिलेगी और अटल जी की एक बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा आज एक वट वृक्ष बनी है और इसे वट वृक्ष बनाने में कई पीढ़ियां खपी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और तपस्या का परिणाम है कि देश के 140 करोड़ लोगों को वट वृक्ष रूपी भाजपा छांव देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी आगे बढ़े। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डा. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को गति देते हुए देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश गति से बदला है। आष्युमान कार्ड से गरीबों को इलाज हो रहा है। देश में प्रधानमंत्री जन औषधालय खुले हैं जहां सस्ती दवाईयां लोगों को मिल रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब व्यक्ति को मजबूत करते हुए मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है।

पंचकूला के सेक्टर- एक में बनेगा भव्य अटल पार्क

चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी

रामनवमी के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूलावासियों को दो बेहतरीन सौगात देने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी काम्प्लेक्स सैक्टर- एक में आज अटल चौंक व अटल पार्क के निर्माण का शिलान्यास किया। अटल चौंक व पार्क पर लगभग 16 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। अटल चौंक माता मनसा देवी काम्प्लेक्स से सुखना लेक जाने वाले मार्ग पर बनाया जा रहा है। इस चौंक का कुल 40 फीट का डायमीटर होगा। चौंक को भव्य बनाने के लिए फव्वारे व लाईटें लगाई जाएगी। इसके अलावा चौंक के मध्य में धौलपुर पत्थर का कमल का फूल बनाया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 46.50 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसी प्रकार 2.25 एकड भूमि पर अटल पार्क भी बनाया जाएगा, जिसका शिलान्यास आज मुख्यमंत्री ने किया। अटल पार्क को रमणीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर कुल 15 करोड रुपए की राशि खर्च होगी और यह पार्क लगभग 9 माह में बनाकर तैयार हो जाएगा। पार्क के मध्य में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की धातु से बनी बडी प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके अलावा पार्क में 13 विभिन्न तरह की वाटिकाएं भी बनाई जाएंगी, जिनमें वन्य जीव वाटिका, सुगंध वाटिका, आयुर्वेदिक वाटिका, सांस्कृतिक वाटिका, कलाकृति वाटिका, विज्ञान वाटिका आदि शामिल हैं।

भाजपा का कार्यकर्ता, कार्यपद्धति और नेतृत्व सर्वश्रेष्ठ: औमप्रकाश धनखड़

चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने रामनवमी और पार्टी के 46 वें स्थापना पर झज्जर में कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पार्टी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विकास बाल्मिकी को पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता,कार्य पद्धति और नेतृत्व सर्वश्रेष्ठ है। अटल जी से लेकर मोदी जी तक हमें सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व मिला है। हमारा सभी का लक्ष्य पार्टी की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाना है। यह आपके परिश्रम से ही संभव होगा। इसलिए आगे बढ़ें, संगठित रहें, और राष्ट्र के लिए समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, सेवा ही संगठन के मंत्र को सदैव अग्रसर रखने वाला और भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाने वाला हर कार्यकर्ता मेरे लिए भगवान का रूप है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा का सम्माननीय सदस्य होने के नाते बधाई का पात्र है।

पीएम का हरियाणा आगमन ऐतिहासिक: धनखड़ ने कहा कि यह क्षण गौरवशाली है, प्रदेश में ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी हरियाणा में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को दो दो कार्यक्रमों में आ रहे हैं। हिसार में प्रदेश को अपना पहला एयरपोर्ट मिलने जा रहा है। साथ ही यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे।

अब न कहीं विपक्ष, न कहीं विपक्ष के पास कोई मुद्दा: नायब सिंह

यमुनानगर/हरियाणा वाटिका एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला कार्यक्रम में यमुनानगर पहुंचेंगे और विशाल रैली को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुनानगर में रैली स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा,

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल सहित अन्य नेता भी मौजूद रहें।

रविवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत विकसित, हरियाणा विकसित को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को जहां एक और हिसार में हवाई अड्डे का उद्घाटन करने आ रहे है। वे यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला भी यहां पहुंचकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि यहां की जनता में प्रधानमंत्री की रैली को लेकर भारी उत्साह है। आने वाली जनता को यहां पानी, टैंट, पार्किंग जैसी सभी व्यवस्था अच्छे ढंग से मिलें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तिहरे इंजन की सरकार तीन गुना गति से विकास कार्य कर रही है। आज के समय में बिजली की बहुत ज्यादा मांग है और इसके लिए हम पहले से ही तैयार है। आने समय में बिजली से सम्बंधित उत्पादों की भी ज्यादा मांग होगी। वहीं थर्मल पावर प्लांट से सटे गांव रतनपुर के लोगों के थर्मल प्लांट से उड़ने वाली राखी से हो रहे नुकसान के सवाल पर को उन्होंने कहा कि अब आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए इसके अधिक प्रभाव नहीं पडेगा।

गजेंद्र फोगाट का गाया गाना भी बैन

चंडीगढ़। हरियाणा के सीएम नायब सैनी के ओएसडी व हरियाणवी सिंगर गजेंद्र फोगाट का गाना तड़कै पावेगी लाश नहर में सरकार ने यूट्यूब पर बैन कर दिया है। गजेंद्र फोगाट हरियाणा सरकार की पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन और मुख्यमंत्री के ओएसडी हैं। सिंगर मासूम शर्मा ने खुद के गाने बैन किए जाने के बाद गजेंद्र फोगाट के गाने को लेकर सवाल उठाए थे। इस पर कार्रवाई करते हुए सरकार अब तक गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 30 से अधिक गाने बैन कर चुकी है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने सबसे पहले गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 9 गानों को बैन कर दिया था। इनमें सबसे अधिक 7 गाने सिंगर मासूम शर्मा के थे।

कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना: मोहन लाल

पंचकूला/हरियाणा वाटिका एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा पूरी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रित राजनीतिक पार्टी बनी है। हम सभी एकजुट होकर भाजपा परिवार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 21 राज्यों में भाजपा व एनडीए की सरकार है। नगर निगम, नगरपरिषद, नगरपालिका या फिर जिला परिषद सभी जगह भाजपा के कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं यह कार्यकताओं की मेहनत का ही परिणाम है। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जिस विचार को लेकर पाटी का गठन हुआ आज उसी विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित देश और विश्व गुरू बनाने की दिशा में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश कांग्रेस की विचारधारा से मुक्त हो रहा है। कांग्रेस व अन्य दलों के नेता भाजपा की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें एकजुट होकर पार्टी की सेवा करनी है, अब जल्द ही पंजाब में परीक्षा की घड़ी आने वाली है, हमें मिलकर काम करना है।

श्री बड़ौली ने कहा कि दिल्ली में जब बैठकें होती है और हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व हरियाणा के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करता है तो हमें गर्व होता है।

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को श्री माता मनसा देवी मंदिर में सपरिवार माथा टेक पूजा अर्चना की व महामायी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने हवन यज्ञ में आहुति डालकर माता रानी से प्रदेशवासियों के संकटों को दूर करने और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पथ पर आगे बढ़ रहे: कृष्णलाल पंवार

चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी

भाजपा का 46वां स्थापना दिवस रविवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में धूमधाम से मनाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में ध्वजारोहण कर विकसित भारत, विकसित हरियाणा बनाने का संकल्प लिया। श्री पंवार ने सभी देवतुल्य कार्यकताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र सर्वोपरि का संकल्प लेकर भारत को विकसित एवं विश्व गुरू बनाने के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर श्री पंवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति में उनके योगदान को भी याद किया। इससे पहले पार्टी कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी और कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार का जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं ने मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद और मोहन लाल बड़ौली जिंदाबाद के नारे लगाए। श्री पंवार ने कहा कि भारतीय जनसंघ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर एवं राष्ट्रीय अखंडता के मुद्दे पर आंदोलन छेड़ा तथा कश्मीर को किसी भी प्रकार का विशेषाधिकार देने का विरोध किया। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बनें। 1984 के लोकसभा चुनाव पार्टी को केवल दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी। 1989 में पार्टी ने 85, 1991 में 120 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा की जीत का सिलसिल आगे बढ़ता गया और 1996 में 161, 1999 में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला और बीजेपी को 183 सीटें हासिल हुई।

अग्निवीरों को राज्य पुलिस भर्ती में दिया जाएगा 20 प्रतिशत आरक्षण

पंचकूला/हरियाणा वाटिका एजेंसी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने अग्निवीरों को सेना की सेवाअवधि के बाद नौकरी देने का प्रावधान कर उनका भविष्य सुरक्षित किया है और उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया है। राज्य पुलिस की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी तरह से वन विभाग में फोरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और खनन गार्ड की नौकरी में भी अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री आज यहां पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अग्निवारों को नौकरी में आरक्षण प्रदान को लेकर की गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर सेना की सेवा अवधि के बाद हरियाणा में नौकरी पा सकेंगे, इसको लेकर उनके लिए अलग से पोर्टल बनाया जाएगा, जिस पर वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नौकरियों में वरीयता दी जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 से आरंभ की गई अग्निपथ नामक योजना के तहत सेना के तीनों अंगों थल, जल व वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती की गई है।

अग्निवीरों का पहला बैच जुलाई 2026 में पूरा होना है, जबकि हरियाणा मंत्रिमंडल ने इससे पहले ही हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा से वर्ष 2022-23 के दौरान 2227 तथा 2023-24 के दौरान लगभग 2893 अग्निवीर के रूप में थल, जल व वायु सेना में भर्ती हुए थे। हरियाणा में अग्निवीरों को खनन गार्ड, जेल वार्डर तथा एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत होर्टिजेनटल आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी की भर्ती में 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि जो अग्निवीर स्वरोजगार या उद्यमशीलता को अपनाना चाहते हैं उन्हें सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा जो उद्योग अग्निवीरों को 30 हजार रुपये से अधिक मासिक वेतनमान पर सेवाओं में रखते हैं तो उन उद्योगों को सरकार 60 हजार रुपये वार्षिक सब्सिडी भी उपलब्ध करवाएगी।

विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है भाजपा: डॉ अरविंद शर्मा

गोहाना (सोनीपत)/हरियाणा वाटिका एजेंसी

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव की बदौलत और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा और मजबूत नेतृत्व की बदौलत भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें मिलकर राष्ट्र विरोधी ताकतों का सामना करते हुए अपने देश और संगठन को सशक्त बनाना है।

भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अपने गोहाना सेक्टर 7 स्तिथ आवास पर पार्टी झंडा फहराया व कार्यकर्ताओ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अपने संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विश्व के सबसे बडे लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस अवसर पर संगठन की मजबूत नींव के आधार कार्यकताओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, सामाजिक ताने-बाने को सशक्त बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्ष 1984 में भाजपा 2 सीटों के साथ देश की सबसे बडी पंचायत में पहुंची थी और आज सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व के साथ भाजपा विश्व में भारत को गौरवान्वित कर रही है।

भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व तक संगठन ने जो विस्तार प्राप्त किया है, वह देश की जनता की निरंतर उम्मीदों पर खरा उतरने के फलस्वरूप संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के बलिदान, संघर्ष की बदौलत भाजपा आज देश को अंदरूनी और बाहरी मोर्चे पर मजबूत बनाने में कामयाब रही है। मुझे खुशी है कि हम एक ऐसे संगठन के कार्यकर्ता हैं। जहा राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय तथा परिवार तृतीय प्राथमिकता रहता है।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि ऐसे भाव और संस्कार केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता में ही देखने को मिलते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व से लेकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र की प्रगति को रोकने वाली तमाम चुनौतियों का सामना करके, असामाजिक एवं राष्ट्र विरोधी विचारधाराओं को सबक सिखाते हुए कडे मगर समय के अनुरूप निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि आज हम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और लाखों ज्ञात-अज्ञात कार्यकताओं के बलिदान पर उनकी विचारधारा को मजबूती से आगे बढा रहे हैं तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के समाज के अंतिम छोर पर अंतिम पंक्ति में मौजूद अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचना सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में हरियाणा निरन्तर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर गोहाना भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, खानपुर कलां मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित कक्कड़, हरिमोहन, बबलू वाल्मीकि, कृष्ण शर्मा, संजय, राजू पटवा, कुलदीप कौशिक, रामभगत फौजी आदि उपस्थित रहे।

व्यक्ति 100 लीटर लाहन सहित काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव पक्का शहीदां क्षेत्र से एक व्यक्ति को 100 लीटर लाहन शराब सहित काबू किया है।

सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई जगजीत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान नहर पुल कमाल रोड पर मौजूद थी। इस दौरान एएसआई को सूचना मिली की खेत में बने कोठा में एक व्यक्ति अवैध शराब निकालकर बेचता है और आज भी शराब निकालने की फिराक में है। एएसआई ने पुलिस पार्टी के साथ सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो सुंदर सिंह को 100 लीटर शराब लाहन के साथ काबू किया गया। आरोपी की पहचान सुंदर सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी पक्का शहीदां के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हत्या का प्रयास मामले में वांछित 8वां आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। ओढां थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास मामले में वांछित 8वें आरोपी संदीप कुमार उर्फ सीप्पा पुत्र जग्गा सिंह निवासी गदराना को काबू कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई कार व एक लोहे की रॉड बरामद की है।

ओढां थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 23.10.2024 को कर्मबीर उर्फ करनी पुत्र जसअली निवासी गदराना के बयान पर आरोपियों द्वारा जब वह सिरसा अदालत में पेशी से फारिग होकर अपने दोस्तों के साथ कार से वासिप घर पर आ रहा था। ओढां के नजदीक आरोपियों द्वारा उनकी कार के सामने से अपनी कार से टक्कर मारी व उस पर तथा उसके दोस्त पर जानलेवा हमला करने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान उप निरीक्षक बनवाली लाल ने सात आरोपियों परमजीत सिंह उर्फ जग्गा, राजवीर उर्फ मोनू, निवासी मंडी कालांवाली, गुरप्रीत उर्फ गुरु, गुरप्रीत सिंह उर्फ मोटू निवासी गदराना जगतार सिंह उर्फ जस्सी उर्फ घुग्गी निवासी गदराना, गगनदीप सिंह उर्फ गग्गी पुत्र बलविंदर सिंह निवासी गदराना व सुखदीप सिंह उर्फ सुखा निवासी तख्तमल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संदीप कुमार उर्फ सीप्पा को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और मामले के बारे में गहनता से पुछताछ की जाएगी।

चोरी का आरोपी काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। सिंहपुरा चौकी पुलिस ने ऑप्रेशन आक्रमण के तहत कार्यवाही करते हुए चोरी के मामले में आरोपी को काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा 1 सोलर पंप कंट्रोलर बरामद किया है। आरोपी की पहचान अशोक कुमार उर्फ अजय पुत्र ओमप्रकाश निवासी केहरवाला के रूप में हुई है।

सिंहपुरा चौकी पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर चंदन सिंह ने बताया कि 22.02.2025 को बलजिंद्र सिंह पुत्र साधु सिंह निवासी पक्का शहीदां की शिकायत पर की उसके खेत से ट्यूवैल का स्टार्टर एमसी बॉक्स चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान शक के आधार पर आरोपी को काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा स्टार्टर व एमसी बॉक्स को बरामद कर लिया गया है। आरोपी अशोक कुमार ने शुरूआती पूछताछ में बताया कि उसने विभिन्न क्षेत्रों से 45 स्टार्टर व सोलर पंप कंट्रोलर चोरी करने की बात कबूली है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ कर अन्य चौरी की वारदातों बारे जानकारी जुटाई जाएगी तथा इसके अन्य साथीयों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

एचकेयू का फर्जी एमडी बनकर धोखाधड़ी करने का आरोपी काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। डिंग थाना पुलिस ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव मोचीवाला में किसान विकास सदन खोलने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि बीती 3 अप्रैल 25 को मोचीवाली निवासी रवि कुमार पुत्र दयाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मोचीवाला में जाखड़ बीज भंडार के नाम से शॉप है। करीब 4 महीने पहले उसके पास बाइक सवार एक युवक आया और खुद को हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में एमडी के पद पर नियुक्त होने की बात कह कर हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का कार्ड दिखाया और कहने लगा कि हम गांव-गांव में जाकर किसान विकास सदन खोल रहे हैं, यदि आपको भी खुलवाना है तो 20 हजार रुपए लगेंगे। उन्होंने बताया कि बीज भंडार मालिक बाद में पूछताछ की तो उसे अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर डिंग थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए विजय कुमार पुत्र सतपाल निवासी गांव अभोली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त फर्जी नंबर की बाइक, हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी का कार्ड, समाचार पत्र के चीफ ऑडिटर का कार्ड भी बरामद किया गया है, जो लोगों को गुमराह करने के लिए इस्तेमाल करता था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। शहर के एफ ब्लॉक स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने की।

सर्वप्रथम पार्टी का झंडा फहराया गया। एडवोकेट यतिंद्र सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी का सदस्य होना सबसे बड़े गौरव की बात है। पार्टी अपने सिद्धांत राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और खुद अंतिम के साथ चल रही है। हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसने अपने मेनिफेस्टो के अधिकतर कार्य अपने देश को प्राथमिकता देते हुए रखे थे। जिलाध्यक्ष रहते हुए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देने का प्रयास रहेगा और सभी कार्यकताओं से निवेदन है कि आप अपने पद पर रहते हुए अपने पद के साथ न्याय करने का प्रयास करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे संगठन व कार्यकताओं के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे। किसी भी कार्यकर्ता का कोई भी यदि सुझाव है तो वो बेझिझक उनसे संपर्क करें। उन्होंने सभी कार्यकताओं से निवेदन किया कि भाजपा के स्थापना दिवस पर अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाएं और सरल व नमो ऐप पर फोटो और वीडियो जरूर अपलोड करें।

सुरेंद्र आर्य ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को 46वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लगातार 3 बार केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाना आप सभी कार्यकताओं की मेहनत का नतीजा है। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। भाजपा कार्यकताओं ने वो दिन भी देखा है, जब गिने चुने विधायक और सांसद हुआ करते थे। आज देश में सबसे ज्यादा सांसद विधायक और जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं। इस मौके पर शीशपाल कंबोज, सिरसा नगरपरिषद चेयरमैन शांति स्वरूप, श्याम बजाज, अमन चोपड़ा, गुरदेव सिंह राही, प्रदीप रातुसरिया, रोहताश जांगड़ा, डॉ. गंगा सागर, कपिल एडवोकेट, जसविंद्र कौर, भावना शर्मा, सिरसा नगराध्यक्ष सुमन शर्मा, अजय शेरपुरा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवरात्रा महोत्सव संपन्न: दुर्गा नवमी पर कंजकों की पूजा कर करवाया भोजन

- इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 108 कंजकों को करवाया भोजन- श्री श्याम बगीची धाम में हवन यज्ञ के साथ हुए नवरात्रे संपन्न

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। जिलाभर में नवरात्र पर्व की दुर्गा नवमी पर रविवार को व्रतधारियों ने नवरात्रा के समापन पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर विदा किया। इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 58वं नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन किया गया व 108 कन्याओं की पूजा अर्चना के बाद भोजन करवाया गया। वहीं श्री श्याम बगीची धाम में नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया व कंजकों को भोजन करवाया गया। नोहरिया बाजार गली गोलछांवाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 58वें नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन किया गया। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा व जगदीश दायमा ने विधि विधान से हवन यज्ञ संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने मंदिर में मां भगवती की आरती की। उसके बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 21 अखंड ज्योत स्थापित की गई थी। आज नवरात्रा समापन पर 108 कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करवाकर श्रद्धालुओं ने दक्षिणा देकर विदा किया।

वहीं श्री श्याम बगीची धाम में नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा ने पूरे विधि विधान से यज्ञ संपन्न करवाया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के आरंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 11 अखंड ज्योत स्थापित की गई थी। आरती के बाद कंजकों को श्रद्धालुओं द्वारा भोजन करवाया गया और उन्हें दान दक्षिणा देकर उन्हें विदा किया गया। वहीं सालासर धाम मंदिर में भी नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया।

जेजेपी परिवार ने ताऊ देवीलाल की सेवाओं को किया याद

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार को जननायक जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन द्वारा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

बरनाला रोड स्थित चौटाला हाउस के समक्ष चौधरी देवीलाल सामुदायिक पार्क में रविवार सुबह ही जेजेपी की जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मिलकर चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किय और उनकी हरियाणा और देश को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान को याद किया। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. राधेश्याम शर्मा, अशोक वर्मा, हरि सिंह भारी व सुरेंद्र बेनीवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि चौधरी देवीलाल ने सदैव किसान, कमेरे, शोषितों, पीड़ितों की आवाज बनकर काम किया और समाज में उनकी स्थिति को सम्मानजनक बनाने में भरपूर योगदान दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में किए गए उनके कार्यों को लेकर ही उन्हें किसानों का मसीहा तक कहा जाता है। जेजेपी नेताओं ने कहा कि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन में चौधरी देवीलाल द्वारा दिखाए न्याय व संघर्ष के रास्ते पर चल रहा है। सभी ने इस अवसर पर चौधरी देवीलाल के नेक रास्ते व आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। वहीं चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर जिलाभर में भी अनेक सामाजिक कार्यक्रम हुए। इसी कड़ी में चौपटा में भी जेजेपी पदाधिकारी अनिल कासनिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दो एकड़ खेत में लगी आग

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। थेहड़ी सावन सिंह में बिजली की तारों से निकाली चिंगारी से गेंहू की फसल में आग गई जिससे एक लाख का नुकसान आंका जा रहा है। जानकारी अनुसार थेहड़ी सावन सिंह में प्रदीप सिंह सरकारिया के खेत में उपर से गुजर रही बिजली आपूर्ति लाइन में चिंगारी निकने से खेत में पक कर तैयार खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। जिसे देखकर आसपास के खेतों में काम रहे किसान और श्रमिकों ने आग बुझाना शुरू किया। साथ ही फायर बिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाडियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दो एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

अनाज मंडी को गेहूं की फसल का इंतजार, सरसों की आवक जोरो पर

जला में अब तक खरीदी जा चुकी है 2 लाख 77000 क्विंटल सरसों

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। अनाज मंडी में गेहूं की फसल का इंतजार हो रहा है। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है, लेकिन पांचवें दिन शनिवार तक एक भी किसान गेहूं की फसल लेकर मंडी में नहीं पहुंचा। वहीं, मंडी में सरसों की खरीद जोरों पर हो रही है। वहीं, शक्रवार को बिना झार के सरसों की भराई करने मामले में एजेंसी को मार्केट कमेटी सचिव की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद शनिवार को मंडी में सुधार देखने को मिला।

बता दें कि मंडी में अब तक जिलेभर में 2 लाख 77000 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। सरसों की तेजी से हो रही खरीद के बीच मंडी में सरसों का उठान का कार्य भी जारी है। जिस गति से उठान होना चाहिए उस गति से उठान नहीं है। यदि गति को समय रहते हुए नहीं बढ़ाया गया तो गेहूं की एक दम से मंडी में आने वाली बंपर पैदावार का उठान करवाना एजेंसियों के बस की बात नहीं होगी। मंडी के बाहर सडकों पर किसानों का गेहूं नजर आएगा। आढ़तियों का कहना है कि 10 अप्रैल के बाद मंडी में गेहूं आना शुरू हो जाएगी। सरसों का उठान इसी रफ्तार से चला तो मंडी के अंदर गेहूं रखने में दिक्कत हो सकती है।

वहीं मार्केट कमेटी सचिव वीरेंद्र मेहता का कहना है कि गेहूं की खरीद को लेकर हर प्रकार से तैयारी है। मंडी में शुद्ध व ठंडे पानी की पूरी व्यवस्था है। किसानों व मजदूरों के लिए जगह-जगह ठंडे पानी के कैंपर व वाटर कूलर लगाए गए हैं।

किसान भवन में बनी अटल कैंटीन में किसान व मजदूरों को 10 रुपए में भरपेट भोजन मिलता है। उन्होंने कहा कि सरसों के खरीद के साथ ही 72 घंटे के भीतर बेची गई फसल की पेमेंट किसानों के खातों में भेजी जा रही है। सरसा अनाज मंडी में अब तक डेढ़ लाख क्विंटल सरसों की आवक हुई। इस बार गेहूं की पैदावार भी अच्छी हुई है। सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2425 रुपए तय किया है। गेहूं में नमी 12 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

नोटिस किया जा चुका है जारी: मार्केट कमेटी सचिव वीरेंद्र मेहता ने बताया कि बिना झार के सरसों की भराई करने मामले में एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। इतना ही नहीं, एजेंसी को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही देखने के मिलती है तो जुमार्ना व अन्य कार्यवाही को अमल में लाया जाएगा।

व्यक्ति 16 किलो चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव नाजियाखेड़ा से एक व्यक्ति के कब्जा से 16 किलो 450 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है।

सीआईए सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव नेजियाखेड़ा में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि गांव नेजियाखेड़ा में सहदेव पुत्र मान सिंह अपन घर पर चूरापोस्त बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी ने मौका पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर उक्त घर पर दबिश देकर घर में बने तूड़ी के मकान की तलाशी ली तो तूड़ी के अंदर प्लास्टिक का कट्टा मिला जिसे खोलकर देखा तो 16 किलो 450 ग्राम चूरापोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी की पहचान सहदेव उर्फ साहिल पुत्र मानसिंह निवासी गांव नाजियाखेड़ा जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना नाथूसरी चौपटा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शरु की गई है।

ऑपरेशन आक्रमण के तहत गैर कानूनीधंधों में संलिप्त 35 लोग काबू

एक युवक से 15 ग्राम हैरोइन बरामद

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा गैरकानूनी धंधा करने वालों पर प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने के लिए जिला पुलिस की करीब 39 पुलिस टीमों ने सुबह 6.00 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर विभिन्न अपराधिक गतिविधियों तथा गैर कानूनीधंधों में संलिप्त 35 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला की सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 15 ग्राम हैरोइन के साथ काबू किया है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों तथा खुर्दा संचालकों की धर पकड़ करते हुए उनके कब्जा से 57 बोतल अवैध शराब, 86 बोतल देशी शराब व 800 लीटर अवैध लाहन बरामद किया है। वहीं अवैध रूप से जुआ खेलने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए 14 हजार 240 रुपए की जुआराशि बरामद कर गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामले दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी में संलिप्त पाए गए 8 लोगों को भी 172 बीएनएस के तहत डिटेल किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला भर में चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग की गई, चैकिंग के दौरान 97 वाहनों चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस का प्रयास है, कि लोग भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज में बेहतर जीवन यापन कर पाएं, इसको लेकर सिरसा पुलिस हर समय जनता की सेवा, सुरक्षा तथा सहयोग को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।

महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। शहर के परमार्थ कॉलोनी स्थित गली नंबर 2 से एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह ड्राईवरी का काम करता है। उसने बताया कि बीती 2 अप्रेल की सुबह वह काम पर चला गया। घर में उसकी पत्नी अचानक घर से लापता हो गई। शाम को जब वह घर आया तो उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। माल गोदाम रोड पर एक निजी अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में शहर निवासी छिंदा सिंह ने बताया कि वह माल गोदाम रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में काम करता है। बीती 5 अप्रेल की सुबह उसने अस्पताल के बाहर अपनी बाइक खड़ी की थी। शाम को संभाली तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जल्द तैयार होगा एसएचजी ट्रेनिंग सेंटर : कल्याण

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 06 अप्रैल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा हलके के चार गांवों उपली, मलिकपुर, शेखपुरा खालसा और कोहंड का दौरा कर विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। उपली गांव में करीब 30 लाख रुपए की लागत से बनी वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए हलके में बन रहा ट्रेनिंग सेंटर जल्द तैयार हो जाएगा। इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं बेहतरीन क्वालिटी के उत्पाद तैयार कर सकेंगी। इन उत्पादों की बिक्री से उनकी आय में भी इजाफा होगा।

श्री कल्याण का गांवों में मौजिज लोगों द्वारा पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री कल्याण ने कहा कि पिछले 10 सालों में हलके में विकास के मामले में जो तरक्की की है उसे आगामी 5 सालों में और आगे बढ़ाया जाएगा। एक दशक में हलके को कई बड़े प्रोजेक्ट मिले जिनमें कुटैल में बन रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी, अराईपुरा में एनसीसी अकादमी और हलके के बीच से गुजरने वाला रिंग रोड प्रमुख हैं। पीजीआई स्तर की मेडिकल यूनिवर्सिटी का प्रथम चरण इसी साल शुरू हो जाएगा।

रामनवमी पर भारत विकास परिषद शाखा ने की जल एवं जूस सेवा

हरियाणा वाटिका/एकजोत
शाहाबाद मारकण्डा, 06 अप्रैल। रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा के दौरान भारत विकास परिषद शाखा शाहाबाद मारकंडा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जल एवं जूस सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच इस सेवा ने लोगों को राहत प्रदान की और उनकी सराहना प्राप्त की। इस सेवा कार्य में परिषद के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव डॉ. कंवल गाबा, वित सचिव हेमंत बंसल, सुनील गुप्ता, डॉ. नरेश गर्ग, मनीष मलिक, रवनीश कटारिया, अनिल अरोड़ा, यशपाल सिंगला, विजय गर्ग, आनंद वधावन, अमित अग्रवाल, गुरशरण सिंगला एवं संजीव सिंगला शामिल रहे।सचिव डॉ. कंवल गाबा ने बताया कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन में योगदान देना है। उन्होंने इस सेवा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि परिषद आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य करती रहेगी। नगरवासियों ने परिषद की इस सेवा भावना की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

एचएमएसआई ने मिड-साइज प्रीमियम मोटरसाइकिल लाइन-अप को और मजबूत किया

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
करनाल, 06 अप्रैल। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 2025 सीबी 350, सीबी 350 H'ness और सीबी 350फर को लॉन्च कर अपने मिड-साइज प्रीमियम मोटरसाइकिल लाइन-अप को और मजबूत किया है। इन मोटरसाइकिलों को शानदार नए रंगों के साथ अपडेट किया गया है, जो राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाते हैं। इन मॉडलों में बोल्ड नए रंगों के साथ आधुनिक स्टाइलिंग दी गई है, जिससे इनका प्रीमियम आकर्षण बढ़ता है। सीबी 350 और सीबी 350 लह्ल्ली२२ में रेट्रो चार्म और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन मिश्रण है, जबकि सीबी 350फर स्पोर्टियर और डायनेमिक लुक प्रदान करता है। इन मोटरसाइकिलों की कीमत 2,10,500 रुपये से लेकर 2,18,850 रुपये तक है, जो मॉडल के अनुसार अलग-अलग है। ये अब भारत के सभी बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध हैं।

नई सीबी 350, सीबी 350 H'ness और सीबी 350RS में 348.36, एयर-कूल्ड, 4-स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर, BSVI OBD2 कंप्लायंट PGM-F इंजन है। ये अब ए20 ईंधन के अनुकूल हैं, जिससे सरकारी स्थिरता नियमों का पालन किया गया है। यह इंजन सीबी 350 लह्ल्ली२२ और सीबी 350फर में 5,500 फढट पर 15.5 kW की पावर और 3,000 RPM पर 30 NZ का अधिकतम टॉर्क देता है, जबकि सीबी 350 में 3,000 RPM पर टॉर्क आउटपुट 29.5 Nm है। ट्रांसमिशन के लिए इसमें 5-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है।

सेवा से साधना व साधना से सेवा में निखार आता है : गुलशन ग्रोवर

हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। भारतीय योग संस्थान पंजीकृत के गांव मिजापुर स्थित योगाश्रम में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के श्रीकृष्ण योग जिला, अंबाला के 5 कार्यकर्ता जिला उप प्रधान राम नाथ कपूर के नेतृत्व में पधारे। योगाश्रम में दरवाजों व खिड़कियों के शीशे गीले कपड़े से साफ किये तथा कुछ अन्य सेवा कार्य किए । कुरुक्षेत्र में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह, नाहर सिंह, योगाश्रम केयरटेकर सुधीर कुमार व माली पंकज कुमार ने भी सेवा भाव से कार्य किया और अंबाला से पधारे सेवाभावी कार्यकताओं का स्वागत व अभिनंदन किया। बाद में अंबाला के सभी कार्यकर्ता रामनाथ कपूर, डॉ एस एन जायसवाल, नरेंद्र ओबेरॉय, रामकिशन व परमजीत ने स्थानीय साधकों गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह व नाहर सिंह के साथ महाभारत कालीन श्रीस्थानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री स्थाणु महाराज के दर्शन करने के पश्चात श्री रामनवमी उत्सव में भाग लिया व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के पश्चात लगभग अढाई बजे सभी वापिस अंबाला के लिए प्रस्थान कर गये। इस अवसर पर गुलशन कुमार ग्रोवर ने कहा कि सेवा से हमारी साधना व साधना से सेवा में निखार आता है । उन्होंने कहा कि मैं ऐसे सेवा भावी कार्यकताओं के पुरुषार्थ को नमन एस करता हूं । प्रभु इन सब की सेवा और साधना दोनों में निरंतर वृद्धि करें । ऐसी शुभकामना ।

मेयर पोपली ने किया फ्री होम्योपैथी डिस्पेंसरी का शुभारंभ

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी
हिसार, 06 अप्रैल। पंजाबी वैलफेयर सोसाईटी के तत्वाधान में राजगुरु मार्किट स्थित पंजाबी धर्मशाला में आज से रियायती रेटों पर पेथोलोजी लैब एवं फ्री होम्योपैथी डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया।

सोसाईटी के प्रधान शम्मी नागपाल ने बताया कि लैब एवं डिस्पेंसरी का शुभारंभ नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली ने किया। शुभारंभ करने उपरांत मेयर प्रवीण पोपली ने सोसाईटी के उपप्रधान राजकुमार महता, महासचिव राकेश चोपड़ा, सहसचिव विजय नागपाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. तिलकराज आहुजा सहित अन्य सदस्यों के साथ लैब एवं डिस्पेंसरी का अवलोकन किया तथा डॉ. विक्रांत भारद्वाज से बातचीत की। मेयर प्रवीण पोपली ने लैब एवं डिस्पेंसरी की शुरूआत करने पर कहा कि सोसाईटी द्वारा अच्छा कदम उठाया गया है। इससे आसपास के लोगों को लाभ होगा। सोसाईटी के पदाधिकारियों ने मेयर का स्वागत करते हुए उन्हें बुक्के व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद राजेश अरोड़ा के अलावा पार्षद भीम महाजन के प्रतिनिधि के रुप में गुलशन महाजन, ज्योति वर्मा के प्रतिनिधि सुनील वर्मा का भी स्वागत किया गया। समारोह में समाजसेवी यज्ञदत्त सेतिया, वेद अरोड़ा, रमशे लीखा, जगदीश प्रधान, लोकेश असीजा के अलावा अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

62वें सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 23 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरियाणा वाटिका/एकजोत
शाहाबाद मारकण्डा, 06 अप्रैल। रामनवमी के पावन अवसर पर श्री मारकण्डेश्वर मंदिर सभा, शाहाबाद द्वारा पूज्य महामण्डलेश्वर गीता मनीषी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में 62वां सामूहिक विवाह, ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर एवं श्रवण यंत्र वितरण समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हुसन लाल, सलाहकार, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण रहे जबकि अध्यक्षता प्रवीण वाधवा (एमडी, पयबिंगो) ने की। विशेष मेहमानों में नरेश कुमार, अवतार पाल, हेमंत तुली एवं विनीत कुमार उपस्थित रहे।

समारोह की शुरूआत प्रातः 6:30 बजे श्रीराम चरित मानस पाठ से हुई। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे स्वागत बारातों का आगमन हुआ और 1 बजे से विवाह रस्में एवं आशीर्वाद समारोह प्रारंभ हुआ। दोपहर 2 बजे ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र वितरण किया गया तथा 2:15 बजे भंडारे का आयोजन हुआ। नवविवाहित जोड़ों की विदाई दोपहर 3 बजे की गई।

इस आयोजन में 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिससे अब तक मंदिर सभा के सामूहिक विवाह आयोजनों में कुल 1791 जोड़े शादी के बंधन में बंध चुके हैं। इस वर्ष के आयोजन में 5 जरूरतमंदों को ट्राईसाईकिल और 10 जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभा के प्रधान राज ऋषि गंभीर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम दिवंगत स्व. केसर दास गंभीर जी के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया था। अब तक सभा द्वारा 1791 जोड़ों का विवाह करवाया जा चुका है। वहीं 186 लोगों को ट्राईसाईकिल, 85 लोगों को व्हीलचेयर और 184 लोगों को श्रवण यंत्र प्रदान किए जा चुके हैं। प्रधान राज ऋषि गंभीर ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों, सहयोगियों और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नपा के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, सचिव सुनील भसीन, उपेंद्र गंभीर, सुरेंद्र टिवाणा, राजेंद्र भारद्वाज, मयंक चावला, रमेश डंग, पं. अजय शुक्ला, पं. श्याम सुंदर, जयनाथ पांडे, त्रिलोचन हांडा, बृजमोहन शर्मा, सुखदेव सैनी, अनिल अरोड़ा समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सांसद नवीन जिंदल ने भी दिया हर कन्या को शगुन :

कार्यक्रम ने सांसद नवीन जिंदल ने अपनी संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए हर कन्या के लिए विशेष 'शगुन' भेजा। प्रधान राज ऋषि गंभीर ने बताया कि नवविवाहित बेटियों के लिए यह तोहफा न सिर्फ उनके नए जीवन की शुरूआत में आशीर्वाद स्वरूप है, बल्कि यह दशार्ता है कि सांसद नवीन जिंदल सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि हर बेटी के पिता जैसे संरक्षक भी हैं। सांसद नवीन जिंदल की ओर से प्रतिनिधि के रूप में शाहाबाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व दीपू जैन, निर्मल सिंह विर्क और अनिल गोलपुरा ने यह शगुन और उपहार कन्याओं में वितरित किए।

पूर्व राज्यसभा सांसद डी.पी. वत्स ने सांसद कोटे से वितरित किए वाहन

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने ट्रैक्टर-टैंकर, ट्रॉली व ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी
हिसार, 06 अप्रैल। पीडब्ल्यूडी वर्कशॉप हिसार में एक विशेष कार्यक्रम के तहत पूर्व राज्यसभा सांसद डी.पी. वत्स ने सांसद रहते हुए अपने कोटे से विभिन्न गांवों और नगर निगम को पानी के ट्रैक्टर, टैंकर, ट्रैक्टर ट्रॉली और ई-रिक्शा आबंटित किए थे, रविवार को डॉ वत्स तथा लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने ट्रैक्टर-टैंकर, ट्रॉली व ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पूर्व सांसद डी.पी. वत्स ने कहा कि जनसेवा के लिए इन संसाधनों को प्रयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस है ग्रामीण नागरिक स्वस्थ रहें। इन संसाधनों से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में जनता की जरूरतों के अनुसार और भी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव बाडया ब्राह्मणान तथा ग्राम पंचायत डाटा में ट्रैक्टर और हाइड्रोलिक ट्रॉली की खरीद, गांव थुराना में स्वच्छता उद्देश्य के लिए ट्रैक्टर की खरीद, नगर पालिका (नंदीशाला) बरवाला के लिए एक ट्रैक्टर की खरीद, सीओ-3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के लिए एक ई-रिक्शा (यात्री) एवं ई-रिक्शा (लोडर) की खरीद, ग्राम पंचायत खासा महाजन के लिए एक ई-रिक्शा (लोडर) व एक ई-रिक्शा (पैसेंजर) की खरीद, नगर निगम हिसार के लिए दो ट्रैक्टरों तथा तीन पानी टैंकरों की खरीद शामिल है।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि लगातार निगरानी रखी जा रही है कि कहीं भी पानी की कमी न हो। भविष्य में बोरवेल और पाइपलाइन जैसी स्थायी व्यवस्थाओं पर भी तेजी से काम किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, भूपेंद्र पनिहार, विभिन्न गांवों के सरपंच और संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पंजाबी सेवा सदन में हुआ विवाह समारोह, सेवा संघ ने 12 परिवारों की कन्याओं के हाथ पीले करवाए गए और यह जोड़े पवित्र विवाह सूत्र में बंधे

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार
कैथल, 06 अप्रैल। कैथल की अग्रणी समाज संस्था सेवा संघ द्वारा रविवार को पंजाबी सेवा सदन में 17वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया । इस सामूहिक विवाह समरोह में 12 युवक युवतिया पवित्र विवाह सूत्र में बंधे । सेवा संघ द्वारा आयोजित इस विशाल सामूहिक विवाह समारोह भव्य ढंग से सजे पंडाल में शहर बड़ी हस्तिया शामिल हुई और नव दम्पतियो को आशीर्वाद दिया , यह सामूहिक विवाह किसी बड़े अमीर व्यक्ति के बच्चो के विवाह समारोह से कम नहीं था। समारोह में सभी दूल्हे अपने बरारतीयो के साथ बैंड बाजों से साथ नाचते झूमते हुए सम्मोह में पहुंचे । जंहा सेवा संघ द्वारा सभी 12 वर वधु के परिजनों , रिश्तेदारो के खान पान की व्यापक व्यवस्था की हुई थी। सभी बारातियो और शहर से आये गणमान्य और मेहमानो के लिए नास्ते और दोपहर के खाने की शानदार प्रबंध किये हुए थे। समारोह में बढ़िया ड्रेसों में वेटर बारातियो और मेहमानो की सेवा में जुटे हुए थे।

विवाह के बाद मुख्य अतिथि शैलजा सन्दीप सचदेवा मेयर अम्बाला , कार्येकम अध्यक्ष कंवल आहूजा, वशिष्ठ अतिथि लीला राम पूर्व विधायक, हैफेड चेयरमैन कैलाश भक्त, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग थे , नव दम्पतियो को आशीर्वाद देने के लिए शहर के परम संत महंत हरीश शास्त्री, , बाई सार शरणानंद और बाबा रजनीश शाह शामिल हुए। मुख्य अतिथि शैलजा सन्दीप सचदेवा मेयर अम्बाला , कार्येकम अध्यक्ष कंवल आहूजा, वशिष्ठ अतिथि लीला राम पूर्व विधायक, हैफेड चेयरमैन कैलाश भक्त, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग और सेवा संघ के अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा करना भगवान की सच्ची पूजा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि कैथल की यह प्रमुख समाज सेवी संस्था सेवा संघ पिछले 45 वर्षो से लगातार मानवता की सेवा के लिए अनेको कार्य करती आ रही है। उन्होंने कहा कि इस संस्था से जुड़े सभी सदस्य हर वर्ष मानवता की सेवा की नई नई योजनाए ले कर आते है ताकि जरूरतमंद गरीब लोगो की अधिक से अधिक सहायता पहुंचाई जा सके।

इस मौके पर सेवा संघ के अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा और महासचिव अशोक भारती ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा संघ की ओर से सामूहिक विवाह में कन्याओं को उपहार स्वरूप जेवरों सहित घर बसाने के लिए सामान भेंट किया।उन्होंने कहा कि सेवा संघ के कर्मठ सदस्य लम्बे समय से सेवा संघ के साथ लगातार जुड़कर बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा के लिए जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि सेवा संघ के सरक्षक डॉ मोहिंदर सिंह शाह , जरनैल सिंह, अमृत लाल मदान सक्रीय सदस्य एवं पदधिकारी बी बी सतीजा , अरविन्द चावला , नवीन मल्होत्रा , मोहिंदर खन्ना , सुभाष कथूरिया, जितेंद्र भटनागर , राजिंदर आहूजा , राजीव वेद , अनिल आहूजा , चन्दर मालिक , धन सचदेवा , दिनेश अरोडा , डॉ रमेश पपरेजा , डॉ उमेश खन्ना , , अनिल गुलाटी , कृष्ण नारंग , अरविन्द , आई डी अरोड़ा , मेघ राज शर्मा , पवन चावला, विशाल सतीजा , हैप्पी तगड़ा , अनिल तनेजा, नरेश कालरा , नरेश खरवबांदा , राकेश चुग , डी डी सिंगला , सतीश सेठ , ललित नरूला , प्रेम सिंगला सहित अन्य कार्येकर्ता पूरी निष्ठा और त्याग की भावना से मानवता की सेवा में काम करते है। उन्होंने बताया कि 45 वर्ष पहले शुरू हुई इस समाज सेवी संस्था सेवा सघ ने अब तक लगभग चार हजार यूनिट रक्त दान किया जा चूका है , उन्होंने कहा कि 2008 से यह सस्था रोगी वाहन सेवा कर रही है किस में बिना किसी हानि लाभ पर आधरित सेवा कर रही है और अति निर्धन रोगियों को निशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। संस्था द्वारा लोगो को नेत्र दान के प्रति जागरूक किया जाता है और संकल्प पत्र अनुसार मरणोपरांत परिजनों की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया की जाती है और अब तक लगभग 400 लोग नेत्र दान कर अपने जीवन और मोत को सफल बना चुके है। उन्होंने कहा कि 1500 लोग नेत्रदान हेतु संकल्प पत्र भर चुके है। हरियाणा सरकार ने इस संस्था को नेत्र बैंक का दर्जा भी दिया है। उन्होंने बताया की संस्था द्वारा रोगी सहायक उपकरण सेवा , छात्र सेवा , जल सेवा , देह दान सेवा कुष्ठ आश्रम सेवा सहित अनेको मानवता की सेवा के लिए योजनाए चलायी जा रही है जिन का लोगो को काफी लाभ पहुंच रहा है।

जिंदल स्टेनलेस हिसार ने प्रो कबड्डी टूनार्मेंट के 8वें सीजन का समापन किया

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
हिसार, 06 अप्रैल। जेएसएल हिसार ने अपने 8वें प्रो कबड्डी टूनार्मेंट का समापन एक रोमांचक मुकाबले के साथ किया। इस सीजन के फाइनल मैच में सिक्योरिटी ग्लैडिएटर्स और सीआरडी लायंस के बीच तगड़ी टक्कर देखने को मिली। मैच के दौरान, दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अंत में स्कोर 44-44 अंक पर टाई हो गया। इस टाई को तोड़ने के लिए 5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, जिसके बाद सीआरडी लायंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

जिंदल स्टेनलेस, हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई के प्रमुख श्री विजय बिंदलिश ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस हमेशा एकता और खेल भावना की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह टूनार्मेंट हमें एकजुटता और सहयोग की भावना को सशक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

जिंदल स्टेनलेस हिसार का यह टूनार्मेंट न केवल कबड्डी के खेल को प्रोत्साहित करता है, बल्कि टीमवर्क, सहयोग और उत्साह के साथ खेल भावना को भी मजबूत करता है।

भाजपा नेता वरुण श्योराण के पिता का निधन, जताया शोक

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
लोहारू, 06 अप्रैल। भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा के प्रभारी वरुण श्योराण के पिता चौ. जयपाल पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक भिवानी का गत दिवस अचानक ह्रदयगति रूकने से निधन हो गया। वे करीब 82 वर्ष के थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडकर गए हें। उनके निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों व नेताओं ने शोक प्रकट किया है।

उनके निधन पर पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल, जवाहर यादव पूर्व ओएसडी, सतीश खोला स्टेट चेयरमैन फैमिली आईडी, पूर्व विधायक सुखविंदर बाढड़ा, आनंद शर्मा एचपीएससी मेंबर, राजेंदर धिमान एचपीएससी मेंबर, विकास गिरी महाराज, पूर्व जिला अध्यक्ष दादरी किरण कलकल, पूर्व जिला अध्यक्ष रेवाड़ी प्रीतम चौहान उनके आवास गांव गागड़वास मे श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि चौ. जयपाल का समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय योगदान रहा है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

भाजपा के स्थापना दिवस पर रेखा राघव ने घर-घर जाकर लगाए भाजपा के झंडे

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक
भिवानी, 06 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश ने भाजपा शासनकाल के दौरान अभूतपूर्व तरक्की की है। जिसके चलते आज भारत की पहचान विश्व भर में मजबूत हुई है। इसके साथ ही भाजपा की नीतियों ने आमजन का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का कार्य किया है। इसी कड़ी में भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को स्थानीय बैंक कॉलोनी में पूर्व पार्षद, नमो-नमो मोर्चा भारत की प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा जिला शक्ति केंद्र प्रमुख रेखा राघव ने घर-घर जाकर भाजपा के झंडे लगाए तथा उन्हे केंद्र की मोदी व प्रदेश की सैनी सरकार की नीतियों से अवगत करवाया। इस मौके पर रेघा राघव ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित, संगठित व राष्ट्रहित चिंतन की सोच रखने वाला राजनैतिक संगठन है। यह संगठन अपनी सकारात्मक सोच के कारण ही आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है तथा इसके लिए सभी कार्यकताओं ने अथक संघर्ष भी किया है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विकास और विश्वास का पर्याय है, नए विचार का पर्याय है और देश की विजय यात्रा में एक मुख्य सेवक बन कर अपनी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। जिसके सहारे आज देश की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता को अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक उन्नति में विशेष भूमिका निभाई। यही नहीं उन्होंने गृहणियों के लिए अनकों योजनाएं लागू की, जिसके चलते उन्हे महंगाई से निजात मिली।

जन्म और मृत्यु सब मनुष्यों के कर्मो के अधीन: वचनाई नाथ

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
महेंद्रगढ़, 06 अप्रैल । मोहल्ला नाईयों की गुवाड़ी नजदीक पुराना टेलीफोन एक्सचेज के हल्का सैन समाज शहर व परगना प्रधान सुन्दर लाल आसोदिया के आवास पर पहुंचकर उनके बड़े भाई राधेश्याम आसोदिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पार्षद वचनाई नाथ महाराज ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु सब मनुष्यों के कर्मो के अधीन है। हमारे शास्त्रों में लिखा है कि हम जो कर्म करते हैं उन्हीं के अनुसार परमपिता परमात्मा ने हमारे जन्म और मृत्यु की व्यवस्था बनाई है स्वर्गीय राधेश्याम आसोदिया बहुत ही धार्मिक व उच्च विचारों के धनी थे उन्होंने पूरा जीवन मानव भलाई व मनुष्य के उत्थान के लिए लगाया उनके जाने से जो स्थान समाज में रिक्त हुआ है उसको कभी नहीं भरा जा सकता। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में कृष्णा स्कूल के चैयरमेन वीर सिंह यादव, रामनिवास पाटोदा समाजसेवी डॉ अभय सिंह यादव प्रधान यादव सभा, प्रदीप लावन, मदन सिंह शेखावत एडवोकेट, प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल, बीजेपी शहरी मंडल अध्यक्ष संदीप बचेनी, सुरेश सैनी चांद, मनोज मोदी, राजेन्द्र धिगड़ा, सुभाष गांधी, बस्ती राम यादव, बसंत सेठ, कृष्ण कुमार यादव, ओमप्रकाश वर्मा, लीलाराम सैनी, ललित सिंह एडवोकेट,सुरेश वर्मा, हरिराम सेन, राजपाल यादव सरपंच,विनोद सेठ पेट्रोल पंप वाले, पूर्व प्रधान नगर पालिका विजेंद्र यादव, सचिन महायच, वीरेंद्र यादव, इंद्रपाल पाथेडा, जगदीश यादव , राधेश्याम सिया वाला, राजेश दीवान, महेश जोशी, हैप्पी स्कूल के चैयरमेन सुभाष अग्रवाल, मुकेश मेहता, श्री कृष्ण अग्रवाल,सुशील शर्मा, डॉ मदन यादव ,अशोक शर्मा बुचोली, महेंद्र राठी, बंटी जांगिड़, रोहतास सैक्ट्री ,प्रेम चौधरी अनाज मंडी, शिवम जांगड़ा, मनोज शर्मा, राजकुमार कौशिक, नरेश जोशी, राजेश सैनी पार्षद, दीपचंद सैक्ट्री, कुलदीप शर्मा, रोहतास बंसल, आदि गणमान्य लोगों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

संपादक की कलम से

'नागरिकों के सिर की छत ऐसे नहीं गिराई जा सकती'

बुलडोजर राज पर लौटते हैं। आखिर छह महीने पहले भी क्यों सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा था कि एक पखवाड़े तक बुलडोजर नहीं चलेगा तो कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा? न्यायालय की टिप्पणी थी कि, 'कानून दरअसल किसी के भी घर को महज इसलिए गिराए जाने की आज्ञा नहीं देता कि वे किसी मामले में आरोपी हैं; और ऐसा तो किसी दोषी के मामले में भी नहीं किया जा सकता।'

एक आठ साल की बच्ची बुलडोजर से ढहते और जलते हुए घर से अपनी किताबें निकालकर दौड़ती है ताकि यह तबाही उसकी पढ़ाई को न रौंद दे। यह दृश्य वाकई बहुत क्रूर है, संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन है और भारत का कानून कभी इसकी अनुमति नहीं देता है। कानून इस बात की भी इजाजत नहीं देता है कि पुलिस मुठभेड़ में मार दिए गए आरोपी के परिवार के घरों को शासन का अमला जमींदोज कर दे और फिर प्रचारित करे कि यह हमारा 'बुलडोजर जस्टिस' है। यह भारतीय संविधान की उस भावना की भी अवहेलना है जो मानती है कि अपराध साबित होने तक हर आरोपी निर्दोष है, किसी एक के अपराध की सजा उसके परिवार को नहीं दी जा सकती। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के दो जज जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की संयुक्त पीठ ने कहा- 'नागरिकों के सिर की छत ऐसे नहीं गिराई जा सकती।'

ये मामले हमारे विवेक को झकझोर देते हैं। यह कानून और मानवता के खिलाफ है।' कोर्ट ने 'बुलडोजर न्याय' को बुलडोजर अन्याय साबित करते हुए प्रत्येक परिवार को दस-दस लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया। केवल आरोप और शक के आधार पर किसी का घर बुलडोज कर देने की यह बीमारी भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के साथ छूत की तरह अन्य राजनीतिक दलों को भी लग रही है। सवाल यह है कि यह लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारें ऐसे तमाम फंडे क्यों अपनाने लग जाती हैं कि लगता है जैसे देश में कानून का राज समाप्त हो गया हो? उत्तर प्रदेश सरकार के वकील का तर्क था कि दस लाख के मुआवजे की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि अपील करने वालों के पास नए घर हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग फटकार लगाते हुए कहा कि 'इससे प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को गलती का एहसास होगा और प्राधिकरण भविष्य में कानूनी प्रक्रिया का पालन करना याद रखेगा।' वैसे देखने में यही आया है कि सरकारें ऐसी घटनाओं को गलत नहीं मानतीं। तभी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी कह दिया है कि बुलडोजर का उपयोग जरूरत है, कोई उपलब्धि नहीं।

मामला करीब चार साल पुराना है। मार्च 2021 में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने लूकरगंज क्षेत्र के मकानों को केवल एक दिन के नोटिस पर बुलडोजर से ढहा दिया। इसका वायरल वीडियो, जिसमें एक आठ साल की बच्ची आग और बुलडोजर से अपनी किताबों को बचा रही है, वह पिछले माह का है। दृश्य, जिसने सर्वोच्च अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया था, उसमें उत्तरप्रदेश के अंबेडकर नगर के अरई गांव की बच्ची अनन्या यादव है। वह पहली कक्षा में पढ़ती है। उस दिन 24 मार्च को उसने रोज की तरह स्कूल से आकर अपने छप्पर में बस्ता रखा ही था कि आग लग गई। उस छप्पर में अनन्या का परिवार जानवरों को बांधता है। एक तरफ आग लगी थी, दूसरी ओर पुलिस तथा नगर निगम का अमला उसके घर को जमींदोज करने में लगा था।

बच्ची ने एक रिपोर्टर को बताया कि उसे डर था कि अगर उसकी किताबें जल गई तो दोबारा नहीं मिलेंगी। इसके लिए वह आग में भी चली गई। नाम के मुताबिक यह बच्ची अनन्या (उस जैसा कोई नहीं) ही है लेकिन यह कितना डरावना है कि सरकारें कोई भी हों, अतिक्रमण हटाने के नाम पर आए दिन घरों को उजाड़ती हैं। ये दस्ते जब इन जगहों पर पहुंचते हैं तो चीत्कार का आलम होता है। इनके बुलडोजरों के आगे घर की महिलाएं लेट जाती हैं, हाथ जोड़ती हैं, आंसुओं से विनती करती हैं; लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजता। ये सब जैसे एक राक्षस में तब्दील होकर हुकुम की तामील में लग जाते हैं। इन पीड़ितों के चेहरे उन चेहरों से कतई अलग नहीं होते जो युद्ध और दंगा पीड़ितों के होते हैं। इनकी आखों में उसी भय और पीड़ा को पढ़ा जा सकता है। अफसोस कि प्रशासन के दिल और दिमाग भी इन्हीं बुलडोजरों जैसे सख्त होते हैं और अब सख्ती को ही उन्होंने अपना शगल बना लिया है। सवाल यही है कि इस शासन के पीछे जो नेता हैं वे क्यों जनता के समर्थन से जीतने के बाद जनता का ही दमन करने लगते हैं? पूछने पर इस सवाल का प्रभावी जवाब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आता है। उसके मुताबिक बहुत बार ऐसा होता है कि लोकतांत्रिक तरीके से ही तानाशाह भी सत्ता में आ जाते हैं। अपनी हार के डर से वे संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करते हैं, विपक्ष की आवाज को दबाते हैं और स्वतंत्र मीडिया को मौन कर देते हैं। आलोचकों और विरोधियों को चुप करने के लिए कानूनी पेंचों का इस्तेमाल करते हैं और कभी-कभार कानून बदलकर अपनी ताकत बढ़ाते हैं।

कठोपनिषद-24 (छठी वल्ली)

उत्तरोत्तर स्थूल होते जाते
प्रकृति के विकार,
प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म अव्यक्त
अवस्था का प्रकार,
ईश्वर की प्रेरणा से गति करती
प्रकृति की रचना,
पहला विकार महत्तत्व जो
प्रकृति की अपेक्षा स्थूल,
महत्तत्व के विकार से सत्त्व है
मूल,
सांख्य की प्रक्रिया में कहलाता
अहंकार,
पंचतन्मात्रा मन और इंद्रियां
अहंकार का विकार,
अव्यक्त प्रकृति को सृष्टि का
रूप देने वाले भगवान,
व्यापक और चिन्ह रहित
उसको जान,
वह अति सूक्ष्म और पराकाष्ठा,
दुखों से छूट मोक्ष को पाता
अगर हो आस्था,
परमात्मा लिंग और चिन्ह से
परे निराकार,
नेत्र कर्ण शब्द का न विषय न
ही आकार,
होता अनुभूत धीर पुरुषों के
हृदयाकाश,
तत्व जान लेने वालों के लिए
मुक्तिधाम पास,
योगावस्था होने से ईश्वर से
होता साक्षात्कार,
एक ईश्वर का आता मन में
विचार,
जब पांचों ज्ञान इंद्रियां मन के
साथ होती स्थिर,
चित्त की वृत्तियां निरुद्ध होती
भीतर,
नहीं होती बुद्धि फिर विचलित,
स्थिर योग अवस्था सिम्मलित,
अंतर्मुख होकर आत्मा में रमन
करे योगी,
प्रमाद रहित हो आत्म दर्शन के
लिए यत्न करे योगी,
कर लेता प्राप्त जब योगी
सिद्धावस्था,
मन में एकाग्रता की होती
अवस्था,
आत्मज्ञान और सत्त्वगुण युक्त
उदय होते संस्कार,
नाश को होते प्राप्त सांसारिक
विषयों के विकार,
प्रवृत्ति बाह्य ज्ञान से निवृत्त
होती,
प्राप्त होती अंतः ज्ञान की
ज्योति।

क्रमशः

-डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

-ललित गर्ग-

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं

उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

शीर्ष अदालत की सीख

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस चौंकाने वाले असंवेदनशील और अमानवीय आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि नाबालिग लड़की के निजी अंग पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना दुष्कर्म के प्रयास के अपराध की श्रेणी में नहीं आता। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 17 मार्च-2025 को अपने आदेश में कहा था कि इस तरह के कृत्य प्रथम दृष्टया यौन अपराध बाल संरक्षण अधिनियम (पास्को) के तहत ह्यगंभीर यौन उत्पीड़नह्ल का अपराध बनेंगे, जिसमें कम सजा का प्रावधान है।

मामला कासगंज में 11 साल की एक लड़की से जुड़ा है, जिस पर 2021 में दो लोगों ने हमला किया था। उच्च न्यायालय का यह फैसला शुरू से ही विवाद के दायरे में था और कानून विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई थी कि इस फैसले को उचित तरीके से पलटा जाएगा और न्याय होगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में की गई विवादास्पद टिप्पणियों पर शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को भी नोटिस जारी किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि यह एक चौंकाने वाला फैसला था। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फैसला उच्च न्यायालय ने अचानक नहीं सुनाया बल्कि करीब चार महीने तक इसे सुरक्षित रखने के बाद सुनाया। इसका मतलब यह है कि न्यायाधीश ने उचित विचार-विमर्श के बाद फैसला सुनाया। चूंकि टिप्पणियां पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दशार्ती हैं, इसलिए टिप्पणियों पर रोक लगाना मजबूरी है।

हालांकि शीर्ष अदालत ने न्यायाधीश के खिलाफ कड़े शब्दों का उपयोग करने के लिए खेद जताया। वास्तव में सामान्य परिस्थितियों में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश इस स्तर पर किसी फैसले पर रोक लगाने से बचते हैं। परंतु संदर्भित फैसले में की गई टिप्पणियों पर रोक लगाते हुए जो अहम बात कही कि रोक का मतलब है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। कानून विशेषज्ञों की राय में न्यायाधीशों को संयम बरतना चाहिए।

क्योंकि इस तरह की टिप्पणियों से न्यायपालिका में लोगों का भरोसा कम होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले ने बलात्कार के प्रयास जैसे जघन्य अपराध को कमतर करके आंका है, जो न्याय का उपहास है। सतीश बनाम महाराष्ट्र राज्य जैसे मामलों के बाद शीर्ष अदालत ने यौन अपराधों को कमतर करके आंकने की निंदा की थी।

संविधान से बड़ी छेड़छाड़ का रास्ता खुला

अपनी संख्या बल के आधार पर चाहे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस (एनडीए) की सरकार ने देश के वक्फ कानून में अपनी मर्जी का बदलाव करने में सफलता पा ली हो, लेकिन जो संदेश इसे पारित करने के लिये, खासकर लोकसभा में हुए मतदान ने जनता को दिया है उससे सम्भवतः देश के अल्पसंख्यकों को यह जानने में मदद मिलेगी कि उनकी जगह क्या है, उनके खैरख्वाह कौन हैं और कौन अहित चाहते हैं। लोकसभा ने बुधवार को 288 के मुकाबले 232 वोटों के बहुमत से वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को पारित कर दिया तथा गुरुवार को राज्यसभा में दिन भर से इस पर चर्चा जारी है। इस सदन में 236 सदस्य हैं। बिल को पास करने के लिये 119 सदस्य चाहिये जबकि भाजपा के इसमें 98 सदस्य हैं। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में विरोधी खेमे के 5 सदस्यों के वोट पड़े थे। राज्यसभा में भाजपा आवश्यक आंकड़ा प्राप्त करती है या नहीं, यह देखना होगा। हालांकि इस सदन में प्रस्ताव गिर भी जाये तो भी सरकार को फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि बाद में उसे दोबारा भेजकर संवैधानिक नियमों के तहत पारित करा ही लिया जायेगा। इसे उच्च सदन पूरी तरह से रोक नहीं पायेगा।

इस कानून के एक तरह से अस्तित्व में आ जाने के बाद अब वक्त है कि अल्पसंख्यक, विशेषकर मुस्लिम सोचें कि उन्हें आगे क्या करना है। यह ऐसा समय है जब उन्हें समझना होगा कि कौन से राजनीतिक दल और व्यक्ति उनका वाकई भला चाहते हैं और किन दलों ने इस विधेयक को पारित कराने में सहयोग देकर उन्हें कमजोर करने का मार्ग प्रशस्त किया है। वैसे तो मतदान का जो पैटर्न दिखा तथा विधेयक के पक्ष-विपक्ष में जो तर्क दिये गये, वे बता देते हैं कि कौन सा दल उनके पक्ष में खड़ा है। कोई यह न सोचे कि यह पैटर्न वक्फ कानून पर मतदान तक ही सीमित रहेगा। पहली बार 8 अगस्त, 2024 को जब यह विधेयक संसद में पेश हुआ था, तब उस पर हुई चर्चा, तत्पश्चात उसे संयुक्त संसदीय समिति में भेजे जाने तक कुछ दलों का रवैया आश्चर्यजनक ढंग से तथा उम्मीदों के विपरीत भाजपा के प्रति सहयोगात्मक रहा। ये वे दल हैं जो वक्फ कानून पर सरकार से बात कर सकते थे। इनमें से कम से कम दो तो ऐसी पार्टियां हैं ही जो अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षक मानी जाती रही हैं और उन्हीं पर सरकार टिकी हुई है। यदि एक बार भी वे समर्थन वापसी की धमकी देते तो यह विधेयक भाजपा सरकार अलमारी में बन्द कर देती।

ये दोनों दल हैं- आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी और बिहार की जनता दल यूनाइटेड जिसके क्रमशः 16 और 12 सदस्य हैं। दोनों ही अल्पसंख्यक समर्थक पार्टियां कहलाती हैं लेकिन इस विधेयक को उनके मिले समर्थन ने यह भरम तोड़ दिया।

इस विधेयक पर चर्चा ने सियासी समीकरणों को तथा सत्ता के लिये विचारधारा की कुर्बानियों को और भी स्पष्ट कर दिया है। इस कानून को पारित कराकर भाजपा यह बताने में कामयाब रही है कि इस लोकसभा के चुनाव में उसे चाहे कम सीटें मिली हों लेकिन जनता अब भी उसके साथ है तथा एनडीए को कोई खतरा नहीं है। जेडीयू व टीडीपी के सांसदों के अलावा राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी एवं जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान से भी अल्पसंख्यकों व धर्मनिरपेक्षता में यकीन करने वालों को उम्मीद थी कि वे उनके पक्ष वाली लाइन पर चलेंगे लेकिन वे भी सरकार के साथ रहे। इनमें से कई मंत्री व सांसद तो अपने भाषणों में भाजपा ही नहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी मात देते हुए नजर आये।

कोई यह न समझे कि संदेश केवल अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित इस विधेयक तक ही सीमित है। यही हाल दलितों व ओबीसी से सम्बन्धित किसी भी फैसले के वक्त होगा- फिर चाहे वह उनके खिलाफ ही क्यों न हो। यह अवसर न केवल अल्पसंख्यकों को राजनीतिक विचारधारा तथा सियासी दलों के साथ अपनी प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने का है, बल्कि दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, अति पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के बारे में यह कहा जा सकता है। सत्ता सुख के लिये ये पार्टियां वक्फ कानून को समर्थन दे सकती हैं तो आश्चर्य नहीं होगा अगर ये दल दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के हितों पर कुठाराघात करने वाले निर्णयों पर भी सरकार का साथ दें।

इस विधेयक ने अल्पसंख्यकों, दलितों, ओबीसी तथा आदिवासियों को यह सोचने का अवसर भी दिया है कि वे देखें कि उन्होंने अपनी नुमाइंदगी किन लोगों और सियासी दलों के हाथों में सौंप रखी है।

एनडीए के उन दलों को वक्फ कानून पर न्यूनतम सतर्कता बरतनी चाहिये थी जिनका सामाजिक न्याय में विश्वास है, परन्तु वे यदि वक्फ कानून में आये इन बदलावों के दुष्परिणामों को समझने में नाकाम हैं तो उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे आगे किसी भी मामले में नरेन्द्र मोदी को आंखें दिखा सकेंगे। इस विधेयक के पारित होने से विपक्षी गठबन्धन की एकता की आवश्यकता पुनः प्रतिपादित हुई है।

पहले कई बार सोचा जाता था कि अल्पमत वाली मोदी सरकार अल्पसंख्यकों, दलितों, ओबीसी, आदिवासियों आदि से सम्बन्धित कानूनों व प्रावधानों को छूकर अपने लिए मुसीबत मोल नहीं लेगी; लेकिन इस सफलता से वह उत्साहित होकर संविधान से बड़ी छेड़छाड़ भी कर सकती है।

प्रदेशभर के बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निमाताओं व विक्रेताओं ने की 7 दिन की सांकेतिक हड़ताल की घोषणा

हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में रविवार को कुरुक्षेत्र की सैनी समाज धर्मशाला में राज्य स्तरीय बीज उत्पादक, पेस्टीसाइड्स निमार्ता व विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से 5 हजार से अधिक बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निमाताओं व विक्रेताओं ने भाग लेते हुए सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून का विरोध किया और इस नए कानून को वापिस लेने की मांग की। सम्मेलन में अगले 7 दिन तक प्रदेश स्तरीय हड़ताल करने की घोषणा की गई। साथ ही सरकार से बातचीत कर इस समस्या का हल निकालने के लिए 23 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष पाल सिंह धालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में सभी लोगों ने मिलकर हरियाणा

सरकार द्वारा लागू किए गए इस नए कानून के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई। सभी ने कहा कि इस कानून में व्यापारियों के खिलाफ असंगत धाराएं लगाई गई हैं, जिससे किसी भी आदमी का इस व्यापार में रहना संभव नहीं है। सम्मेलन की अध्यक्षता अश्विनी कुमार गर्ग हिसार द्वारा की गई। डीलर एसोसिएशन के प्रधान हरमेश सिंह सिरसा ने कहा कि पूरे प्रदेश में पिछले कई दिनों से तहसील व जिला स्तर पर व मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करके इस मसले पर सरकार से गुहार लगाई गई परंतु कोई सुनवाई न होने पर इस सम्मेलन में पूरे ध्वनिमत से अगले 7 दिन के लिए सारे बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखने व बीज, पेस्टीसाइड निमाताओं ने अनिश्चितकाल तक हरियाणा में सप्लाई बंद करने का निर्णय लिया। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर अगले 7 दिन में इस मामले में कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा।

सम्मेलन में विशेष रूप से नरेश सिंघल, परमजीत देसवाल, सुमित गुप्ता, सुनील कालड़ा, दीपक मेहता, सुभाष खुराना, अनिल कालड़ा, ऋषि मक्कड़, ऋषिपाल कंबोज, वेद प्रकाश आर्य, अनिल कालड़ा सिरसा, सुनील भाटिया, सुनील कुमार, रिपु दमन कालड़ा, रितेश कालड़ा, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुभाष खुराना, पवन गर्ग, रमेश बंसल, राधे गांधी प्रधान डीलर एसोसिएशन, सुभाष बब्बर, राम कुमार गुप्ता, अमित गोयल आदि भी मौजूद रहे।

7 दिन की हड़ताल, अनिश्चितकालीन हड़ताल में हो सकती है तब्दील

सम्मेलन में सभी ने एकजुट होकर जहां अगले 7 दिन दुकानें बंद करने की घोषणा की, वहीं सरकार द्वारा उनकी मांगे न जाने के विरोध इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित करने का निर्णय भी लिया। सम्मेलन में सरकार से बातचीत करने हेतु सर्वसम्मति से 23 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

संत महात्माओं का आशीर्वाद सफलता के लिए आवश्यक : कटारिया

हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केडीबी मार्ग पर संत महात्माओं के आशीर्वाद से भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिटी एसोसिएट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरिद्वार से आए रविदास आचार्य सुरेश राठौड़, महात्मा सतनाम दास बेगमपुरा, संत जैन दास हितकारी, संत गुरपाल दास जी लाडवा ने पहुंचक आशीर्वाद दिया और गुरु वाणी से सभी को निहाल किया। इस मौके पर सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सूरज भान कटारिया और उनके बेटे उमंग कटारिया को शुभकामनाएं भेंट की। सूरजभान कटारिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यह मान्यता है कि संत महात्माओं का आशीर्वाद किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। स्थानीय क्षेत्र में सक्रिय रूप से सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक रूप से कार्यरत भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान कटारिया को व्यवसायिक प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर प्रातः हवन पाठ के बाद अनेको शुभचिंतकों जिनमें पूर्व वाइस चांसलर और पूर्व मंत्री डॉ. मुनिलाल रंगा, भाजपा नेता अशोक शेरवाल, हरियाणा घुमंतू जाति बोर्ड के वाइस चेयरमैन जसवंत पठानिया, रविन्द्र सांगवान ठोल, हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष चौ. रणधीर सिंह, नायब तहसीलदार परमजीत सिंह, गुरु रविदास समाज कल्याण सभा एवं धर्मशाला के पूर्व प्रधान सूरजभान नरवाल, श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष हितेंद्र चौधरी, महामंत्री कृष्ण भुक्कल, तिलकराज पूनिया, ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, मीडिया वेलफेयर क्लब के जिला अध्यक्ष बाबूराम तुषार, पूर्व पुलिस उपअधीक्षक सुभाष भुक्कल, कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय के उप रजिस्ट्रार जीत सिंह शेर, पूर्व नायब तहसीलदार जयवीर रंगा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता सहित बंसी लाल कटारिया, जगमाल सिंह चंदेल, कृष्ण भानखुड, पूर्व सरपंच सुभाष पलवल, ईशम सिंह मथाना, महिपाल फूले अमीन, राहुल सुविधा, सूरजभान मेहरा, सुशील चित्रा, अभिमन्यु वर्मा आदि ने बधाई दी।

बैंकों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में ज्यादा से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए : हरविंदर कल्याण

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया
करनाल, 06 अप्रैल। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। शहरों के साथ-साथ गांवों में भी बैंकों का नेटवर्क काफी फैला हुआ है। आज लगभग हर पांच या दस गांवों में एक में बैंक की व्यवस्था है और इस व्यवस्था का और विस्तार करने की जरूरत हैं। बैंकों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में ज्यादा से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। जिससे उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और वे आगे बढ़ सके। हरविंद्र कल्याण आज करनाल बैंक वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित करनाल अंचल सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नलवा से विधायक रणधीर पनिहार मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरविंद्र कल्याण द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि भारत के संविधान की लोकतांत्रिक व्यवस्था का केंद्र बिंदु संवाद ही है।संवाद से बड़ी-बड़ी समस्याओं का हल हो जाता है। विभिन्न स्तरों पर परिवार में, गांव में , प्रदेश में विधानसभा में लोकसभा में सभी में संवाद के माध्यम से विचार पहुंचते हैं और आज इस कार्यक्रम में भी संवाद के माध्यम से अपनी समस्या व मांगे रखी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां वर्कर्स के साथ स्टेकहोल्डर्स के लिए भी चर्चा की जाए। जिनको हम अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं । जिन स्टेकहोल्डर्स को हम प्लेटफॉर्म देते हैं आगे बढ़ने का रास्ता देते हैं और वे अपने परिश्रम से व बैंक के सहयोग से न केवल अपने जीवन को आगे बढ़ाते हैं अपितु देश को आगे बढ़ाने में भी अपना योगदान देते हैं। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज जब हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनने की कल्पना करते हैं, यह संकल्प न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है बल्कि आज यह पूरे देश का संकल्प है। इस प्रकार का उद्देश्य संतुलित मानसिकता के बिना संभव नहीं है क्योंकि आज अधिकारों की बात सब करते हैं परंतु अधिकारों से पहले अपने कर्तव्य की चिंता करनी चाहिए, यही देश को आगे बढ़ाने में कारगर साबित होगी। मुझे खुशी है कि केनरा बैंक और यह पूरा परिवार आज राष्ट्र की उन्नति में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस मौके पर बीएमएस महामंत्री हरियाणा हवा सिंह महला, जनरल सेक्रेटरी आनंद आय्यन , पूर्व जनरल सेक्रेटरी मोहन कून्टागर, पीएस वीना , जीएम हरियाणा अभिताभ चटर्जी, जीएम करनाल जीए अनुपम, अजय लाठर, सहित अन्य बैंक के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहें।

इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को किया नमन

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी
हिसार, 06 अप्रैल। पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल की 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने स्थानीय टाऊन पार्क स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान सर्व धर्म प्रार्थना व सद्भावना सभा का भी आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म के धमार्चार्य ने अपने अपने विचार रखे।
इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष सतपाल काजला ने कहा कि जननायक चौ. देवीलाल आज भी कमेरे व मेहनतकश लोगों के दिलों में बसते हैं। इसका मुख्य कारण उनके द्वारा समाज के इन वर्गों के लिए जीवन पर्यंत भलाई के कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उसको देखते हुए आज जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस अवसर पर चतर सिंह स्याहड़वा, सतबीर सिसाय, सुरेंद्र लांबा, एडवोकेट गंगाराम, एडवोकेट प्रदीप बाजिया, एडवोकेट विनोद कस्वां, एडवोकेट प्रमोद बागड़ी, डा. सतनारायण मंगाली, यशपाल गोदारा, होशियार खान, राजबीर खान, कृष्ण पंवार, तेलूराम सरपंच, राजबीर सिंधु, ललिता टाक, अन्नू सूरा, रामा जाखड़, सुभाष टाक, जंग बहादुर, मोनिका टूटेजा, शम्मी बरवाला, सुरेश बैरागी, जय सिंह सैनी, कंवल सिंह देपल, जयपाल भ्याण, मांगेराम नंबरदार, सत्यवान राजली, रामचंद्र बैनीवाल व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिसार का हवाई अड्डा सिवानी व आसपास के क्षेत्र के लिए खुशहाली लेकर आएगा: पूर्व कैबिनेट मंत्री

-हरियाणा के पहले हवाई अड्डे की शुरूआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को आएंगे हिसार: जेपी दलाल

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
लोहारू, 06 अप्रैल। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हिसार का हवाई अड्डा हिसार ही नहीं बल्कि सिवानी व आसपास के क्षेत्र के लिए खुशहाली व विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डा से आवागमन दुरूस्त होगा इसके साथ-साथ यहां ऐरो स्पेस इंडस्ट्रीज स्थापित भी होंगी। इससे रोजगार बढ़ेगा वहीं इससे संबंधित उद्योग धंधे भी यहीं पर स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पहले इस हवाई अड्डे की शुरूआत करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार आएंगे। इस दौरान इस हवाई अड्डे की शुरूआत होगी और पीएम बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती भी मनाएंगे और बहुत बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसलिए सिवानी व आसपास के क्षेत्र के लोग इस मौके पर पहुंच कर अपने क्षेत्र के विकास में अपनी हाजिरी सुनिश्चित करें। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षदों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

किया। कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल रविवार को सिवानी में हाल ही सम्पन्न हुए नगरपालिका चुनावों में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रणव गोयल के आवास पर आयोजित अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचने पर सिवानी की चेयरपर्सन वंदना राजेश केडिया व पार्षद प्रणव गोयल सहित अन्य पार्षदों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ दिन है, आज भाजपा का स्थापना दिवस भी है और श्रीराम नवमी भी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को हरियाणा के पहले हवाई अड्डे की शुरूआत जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे यह सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। उन्होंने कहा कि करीब 7500 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण शुरू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के साथ ही यहां से उड़ाने भी शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व पर आर्थिक संकट है। यह संकट वार या हथियार का नहीं बल्कि आर्थिक मंदी का है। लेकिन भारत इस संकट के दौर में भी सशक्त स्थिति में है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के प्रति विजन है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण ही आज भारत 21वीं सदी में समृद्ध भारत बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री ने वार्ड संख्या 11 में रामकुमार सेवलिया की लड़की के विवाह समारोह, वार्ड संख्या 5 के पूर्व पार्षद बलदेव ठेकेदार की पुत्रवधु नीलम के वार्ड पार्षद बनने पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री ने वार्ड संख्या 6 में डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया और कहा कि इस लाइब्रेरी में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने गांव बड़वा में भाजपा नेता ज्ञानीराम शर्मा व गुरेरा में आयोजित विवाह व देशाटन कार्यक्रमों व ढाणी भाकरा व मिठी में विभिन्न विवाह समारोह में शिरकत की। इस मौके पर अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, पार्षदगण तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्ति हेतु संगोष्ठी आयोजित

हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को राम नवमी के अवसर पर मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्त समाज विषय पर संगोष्ठी हुई। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें मुख्य यजमान वरुण यादव, शालू यादव व समाजसेवी जसबीर पुंज सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर संगोष्ठी की गई। आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज बदलाव का दौर है। ऐसे समय में बालिकाओं को और अधिक समझने और समझाने की आवश्यकता है। बालिकाओं के भविष्य को संवारने हेतु उन्हें शिक्षित करना होगा जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्ति को अग्रसर हो सके। वात्सल्य वाटिका से जुड़े कृष्ण पांचाल ने बताया कि बाल विवाह की समस्या को समाप्त करना सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है। बाल विवाह जैसी प्रथा समाप्ति अभियान को गति प्रदान करते हुए शीघ्र ही धर्मनगरी में प्रचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आश्रम में नए शैक्षणिक सत्र के दौरान जरूरतमंद एवं निराश्रित बच्चों के शैक्षणिक एवं सवार्गीण विकास के लिए उचित शिक्षा का प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह, सुरेश जोशी, लाभ सिंह, ओमप्रकाश मित्तल, शिक्षाविद रमेश कुमार, प्रीति शर्मा, शिक्षिका अनु, सुनीता, पूजा, नितिन पांडे, सुल्तान सिंह, डॉक्टर माणिक, ओमप्रकाश गेरा, अरुण कुमार और सुमित कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

बेटियां लक्ष्य का निर्धारण करके करें पढ़ाई, मिलेगी सफलता : सुनीता नंदवानी

कहा : महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर कर रही हैं नए आयाम स्थापित

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार
कैथल, 06 अप्रैल। प्रसिद्ध समाजसेवी सुनीता नंदवानी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर नए आयाम स्थापित कर रही है। अपने कार्य क्षेत्र के साथ-साथ घर को भी संभालने का कार्य महिलाओं द्वारा बखूबी किया जाता है। बेटियों की काबलियत व प्रतिभा पर समूचे देश को गर्व है। महिला हित में ही समाज का हित है। उन्होंने कहा कि आज खेल, चिकित्सा, शिक्षा, विज्ञान,न्यायिक व्यवस्था, सेना,

पुलिस आदि क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बेटियां अपने लक्ष्य का निर्धारण करके नियमिततौर पर पढ़ाई करें तो संभवत जीवन का हर लक्ष्य प्राप्त होगा। एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए सुनीता नंदवानी ने कहा कि हमारे देश के संविधान में महिलाओं को बराबर का दर्जा देते हुए वोट का अधिकार मिला है। पूर्व में समाज में सती प्रथा, विधवा विवाह आदि कुरीतियां फैली हुई थी। उन सब कुरीतियों को दूर किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार घर से ही मिलते हैं। सुसंस्कृत परिवार हो तो कहीं भी जाने की जरूरत नहीं होती है जो बेटियां मेहनत करती हैं, उसका फल जरूर मिलता है। घर में बहू व बेटी को समान समझना चाहिए। सामाजिक व्यवस्था में जिस घर में बड़ी बेटी होती है, वह अपने छोटे भाई को भी संभालती है। सुनीता नंदवानी ने कहा कि महिलाअधिकारी प्राय अच्छा कार्य करती है, जो भी ड्यूटी उन्हें मिलती है, उसकानिर्वहन वह पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी से करती है। सभी बेटियां नियमिततौर पर पढ़ाई पर ध्यान दें। इसके साथ-साथ जिस बेटी की खेल में रूचि है तो वह भी निरंतर अभ्यास करती रहें।

भाजपा का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी के कार्यकताओं ने अपनी एकजुटता और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत की गई और पार्टी के इतिहास, संघर्षों और उपलब्धियों को याद किया गया। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह ने पार्टी ध्वज फहराया और पार्टी के संस्थापक नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सफर हमेशा से राष्ट्रहित, समाजिक समरसता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समर्पित रहा है। यह पार्टी हमेशा अपने सिद्धांतों पर अडिग रही है और देश की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रही है। तेजीन्द्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की 46 साल की यात्रा को 'संघर्ष से सफलता' के रूप में प्रस्तुत किया और पार्टी के कार्यकताओं से यह आह्वान किया कि वे आने वाले समय में पार्टी के उद्देश्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें।

श्रीराम कथा समिति ने निकाली रामनवमी शोभा यात्रा

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी
हिसार, 06 अप्रैल। श्रीराम कथा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का विधि-विधान से समापन हुआ और प्रातः हवन करके भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की शुरूआत की गई। कथा व्यास महंत चिन्मयदास महाराज के सान्निध्य में शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से शुरू हुई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्यातिथि रहे। नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, आयकर

उपायुक्त रघुबीर सिंह बूरा, आईआरएस के. के. सिंगला, रामकुमार रावलवासिया, डॉ. लवनीश गोयल व कमलेश गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। शोभा यात्रा के उपरांत भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था रही। भोजन प्रसाद के संयोजन में संजय गुप्ता, राकेश बंसल, सीए जनकराज गर्ग, जितेंद्र जिंदल, मनोज गुप्ता व दिलावर जयवीर श्योकंद ने विशेष भूमिका निभाई।

श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि कथा व्यास महंत श्री चिन्मयदास जी महाराज ने लगातार सात दिन तक श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करके श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के चरित्र व आदर्शों से परिचय करवाया।

एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफतार

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया
करनाल, 06 अप्रैल। बीती शाम जिला पुलिस की एंन्टी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता मे गुप्त सुचना के आधार पर मेरठ रोड नगला चौक पर स्थित दुकान पर छापामारी करके आरोपी जगबीर पुत्र जगतराम निवासी मोदीपुर करनाल को गिरफतार किया गया। कब्जे से मौके पर 21 ट्रामाडॉल इंजेक्शन, 7 पत्ते एल्प्राजोलम नशीली गोलियाँ की गई बरामद
इस सबंध मे एंन्टी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह बताया की किसी के बहकावे मे आकार माल बिकवाता था। आज आरोपी को माननीय अदालत के सामने पेश कर दो दिन का रिमांड लिया गया है। व मामले मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

एरोप्लाजा पंचकूला गोल्फ लीग, 2025 का शानदार आयोजन 7 से 23 अप्रैल तक

हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार

पंचकूला, 06 अप्रैल। पंचकूला गोल्फ क्लब 7 से 23 अप्रैल 2025 तक उद्घाटन एरोप्लाजा पंचकूला गोल्फ लीग (एपीजीएल) की मेजबानी करेगा। यह लीग एक टीम चैम्पियनशिप है जिसमें 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से प्रत्येक में 14 मेंबर होंगे। यह लीग 2 स्टेज में खेली जाएगी। राउंड रॉबिन स्टेज और उसके बाद नॉकआउट स्टेज, प्रत्येक में अलग-अलग स्कोरिंग सिस्टम होंगे जो खिलाड़ियों के स्किल्स, रणनीति और टीम भावना को व्यापक तौर पर परखेंगे और उनका दमखम देखेंगे।

इस रीजन में गोल्फ को प्रोत्साहित करने के अपने उद्देश्यों के अनुरूप, लीग में एक बहुत ही इनक्लूसिव स्ट्रक्चर है जो सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक टीम में एक महिला गोल्फर, 70 वर्ष से अधिक आयु का एक सीनियर गोल्फर और विभिन्न हैंडीकैप कैटेगरी के खिलाड़ी शामिल हों। लीग के बारे में विस्तार से जानकारी आज यहां क्लब कैम्पस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई, जिसे वीएस कुंडू (आईएएस), चेयरमैन, ऑगेर्नाइजिंग कमेटी ऑफ एपीजीएल; कर्नल ए.एस.ढिल्लों (सेवानिवृत्त), जनरल मैनेजर, पंचकूला गोल्फ क्लब और मेंबर सेक्रेटरी, आगेर्नाइजिंग कमेटी, एपीजीएल; स्वाधीन पटेल, चीफ रेफरी, एपीजीएल और दिगराज सिंह, टूनार्मेंट डायरेक्टर, एपीजीएल ने संबोधित किया। विशाल ढल्ल, मैनेजिंग डायरेक्टर, एरोप्लाजा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। एरोप्लाजा पंचकूला गोल्फ लीग का टाइटल स्पांसर है । टीमों को मीडिया से भी परिचित कराया गया और प्रत्येक टीम का एक ओनर-प्रतिनिधि 'टूनार्मेंट ड्रेस' में मौजूद था।

भद्रकाली शक्तिपीठ में श्रीदुर्गाष्टमी जागरण में उमड़ा जनसैलाब

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में महापर्व नवरात्रि की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया जिसमें भगवान राम जी के सुप्रसिद्ध भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे" की विश्वविख्यात गायिका स्वाति मिश्रा, मुंबई व राकेश राणा सहारनपुर द्वारा भद्रकाली जी के चरणों में अपनी मधुर आवाज में हाजिरी लगाई गई। सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, उमा सुधा इत्यादि ने माँ काली जी का गर्भ गृह में पूजन किया और माँ को जागरण पंडाल में विराजमान होने की प्रार्थना की। उसके पश्चात गुरुजी ने श्री देवीकूप पर माँ के 52 लाडले परिवारों को लाल शक्ति चुनरी से सम्मानित कर उनका पूजन करवाकर मंगल कलश वितरित किए और उन्हें 52 शक्तिपीठों की प्रतीक पावन ज्योतियों पर स्थापित करवाया। तत्पश्चात मंत्री व पीठाध्यक्ष परिवार द्वारा सिर्फ नवरात्र में गर्भगृह से निकलने वाली माँ भद्रकाली जी की पीतल प्रतिमा को पूर्ण रीति रिवाज, आदर सहित जागरण पंडाल में शंख, घंटियों व जयकारों के उद्घोष के साथ पालकी में लाया गया। इस दौरान जागरण पंडाल में हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। जागरण पंडाल में सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में माँ भद्रकाली जी का ध्यान कर मुख्य यजमान केके शर्मा, एमिल ग्रुप व उमा सुधा, गिरीष कुलकर्णी व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधिवत तरीके से मंत्रोचारण के साथ ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके साथ ही 52 सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा शक्तिपीठों की प्रतीक स्वरूप ज्योतियों को प्रज्वलित किया गया। जागरण पंडाल में पूजा कार्यक्रम लगभग 30 मिनट चला। कार्यक्रम की शुरूआत पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया, केके शर्मा, गिरीश कुलकर्णी, उमा सुधा इत्यादि ने भारत माता का पूजन करते हुए राष्ट्रगान के साथ किया जिसके बाद तिरंगे के प्रति सम्मान दशार्ते हुए तीन रंगों के गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। माँ की कंजक श्लोका पंडित द्वारा मां भद्रकाली शक्तिपीठ की कहानी सुनाई गई व मंत्रोच्चारण किया गया। दिल्ली के मशहूर कलाकार राजू प्रिंस द्वारा कृष्ण जी की मनमोहक झांकी महारास का प्रस्तुतीकरण किया गया। राजू प्रिंस द्वारा ही शिव काली पर भी विशेष झांकी प्रस्तुत की गई। मध्यरात्रि में राष्ट्रभक्ति की झांकी की भी प्रस्तुति रही। इसके पश्चात मुख्यातिथि स्वागत व नव दुर्गा महापूजन हुआ जिसमें नव देवियों के स्वरुप में सजी कन्याओं का पूजन एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा के मंत्री श्याम सिंह राणा, केके शर्मा व गिरीश कुलकर्णी का पुष्पमाला, माँ की लाल शक्ति चुनरी, प्रसाद व माँ के चित्र से पीठाध्यक्ष द्वारा माँ भद्रकाली जी का आशीर्वाद दिया गया।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंच से सभी भक्तों को श्री दुर्गाष्टमी व श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और पीठाध्यक्ष को भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। तत्पश्चात सर्वप्रथम माँ शैलपुत्री का पूजन शबनम वालिया व प्रमोद वालिया द्वारा किया गया। इसके बाद माता ब्रह्मचारिणी का पूजन डॉ नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा किया गया।

मंच संचालन मीना जोशी व देवांशु शर्मा ने किया

जागरण में सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा द्वारा उनके भजन "निमिया के डार ,मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, राम आएंगे, राधे राधे बरसाने वाली राधे, मैं तेरे द्वार पर चल कर आऊंगी माँ, श्री कष्ण गोविंद हरे मुरारी, मेरी माँ के बराबर कोई नही, देवकी का वियोग, मैं संतान तू माता,मेरे जीवन दाता " इत्यादि भजनों पर प्रस्तुति दी। । दुर्गाष्टमी पर फिर से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वाति मिश्रा का एक और भजन अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। स्वाति मिश्रा के बाद राकेश राणा द्वारा चलो बुलावा आया है ,मैं परदेसी हूं पहली पहली बार आया हूं, सिली सिली हवा, भद्रकाली माँ पे विशेष, इत्यादि भजनों की प्रस्तुति दी गई। बेटियों को समर्पित भी विशेष भजन गया गया। जागरण में मंच संचालन मीना जोशी व देवांशु शर्मा द्वारा किया गया। जागरण की समापन आरती प्रातः 5 बजे नरेश मुकेश रोहिला द्वारा सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम अम्बे जी की आरती गायी गयी, इसके बाद भोग आरती हुई, फिर मंत्रोचारण किया गया, दुर्गा चालीसा पढ़ी गयी व दुर्गा स्त्रोतम का पाठ किया गया।

उसके पश्चात अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया ने जागरण ज्योति को व माँ की पीतल प्रतिमा को पुनः मुख्य भवन गर्भ गृह में स्थापित किया। सभी भक्तों को 56 भोग प्रसाद वितरित किया। पंडाल में बार बार इत्र का छिड़काव हुआ। अबकी बार भी फेसबुक एवं यूट्यूब पर हजारों भक्तों ने इस अद्भुत दृश्य का लाइव प्रसारण के माध्यम से आनंद लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, प्रो. हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, स्नेहिल शर्मा, डॉ अन्नू, निकुंज शर्मा, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, जीवन मौदगिल, आशीष, मोना, सुरभि इत्यादि भक्त जन उपस्थित रहे।

मानसून से पहले नालों और नहरों की सफाई करवाएं अधिकारी : नेहा सिंह

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

बेर को अंगूर कहकर बेच रही है भाजपा सरकार है : सांसद जेपी

कहा, हिसार का हवाई अड्डा कांग्रेस सरकार की देन, भाजपा सरकार ने डोमेस्टिक से एरोड्रम बना किया हिसार हवाई अड्डे को डिग्रेड

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 06 अप्रैल। हिसार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी ने कहा कि भाजपा सरकार बेर को अंगूर कहकर बेच रही है। सांसद जयप्रकाश जेपी ने कहा कि हिसार के हवाई अड्डे के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के जुमले के पीछे बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का खेल है

वे रविवार को पी. डब्ल्यू. डी. रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा की आज हरियाणा के मुख्यमंत्री उन्हें बिना टिकट के अयोध्या जाने की बात कर रहे है, यह बयान वे उनके द्वारा निकाय चुनाव के दौरान बयान को लेकर थी, जिसमें उन्होंने हिसार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एवं एरोड्रम कि बात कही थी। उसी बात को लेकर भाजपा के कुछ नेता उनसे इस्तीफा मांग रहे थे, लेकिन भाजपा में अब सबको सांप सूंघ चुका हैं। और मैने सुना भी है कि भारत के प्रधानमंत्री एरोड्रम का उदघाटन करने के लिए हिसार आ रहे हैं। भाजपा की सरकार बेर को अंगूर का कर बेच रही है, जहां हिसार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बात कह कर भाजपा सत्ता में आई लेकिन हिसार में एरोड्रम बनाया जा रहा है।

हिसार के हवाई अड्डे को एरोड्रम का लाइसेंस दिखाते हुए कहा कि भाजपा को जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने 2016 में भी जब विधानसभा में कमल गुप्ता ने हिसार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बात कही तो उसे समय भी मैंने विधानसभा में यह मामला उठाया था की आप गलत बयान ना दे । जो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा हमारा जो कांग्रेस पार्टी एवं यूपीए सरकार द्वार महम के आस पास के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एवं कार्गो की मंजूरी मिली थी वह अपने यहां से हटवा दिया और जनता को बहकने के लिए एक नया ड्रामा कर दिया कि जो हिसार में जो डोमेस्टिक हवाई अड्डा कांग्रेस की सरकार में जब माननीय मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह थे कि तब केबिनेट की पहली बैठक में 50 जगहों पर हवाई अड्डे बनाए थे हवाई पट्टियों के जिसमे हिसार और करनाल में मंजूरी मिली थी। लेकिन भाजपा की सरकार में कांग्रेस सरकार की देन डोमेस्टिक हवाई अड्डे से एरोड्रम बना कर डीग्रेड करने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है।

हिसार लोकसभा सांसद ने हवाई यात्रा के लिए हुए एम.ओ. यू. पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के साथ हुए एमओयू में अगर सीटे खाली रहती है तो 50 प्रतिशत सीटों का किराया हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा मैं पूछता हूं कि हरियाणा सरकार को ऐसी क्या जरूरत पड़ गई कि इस तरह की एम. ओ .यू. उन्हें करने पड़ रहे हैं जनता का पैसा जनता के विकास के लिए लगाया जाता है न की अपनी झूठी साख बचाने के लिए जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरियाणा की जनता से माफी मांग कर हरियाणा की जनता को ठगने का कार्य बंद करना चाहिए।

स्कोडा ऑटो ने मार्च में दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

हिसार, 06 अप्रैल। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं, और यह देश में उनके नए दौर की शुरूआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्डतोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख?या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस?टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा कि जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का नया दौर शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो दिखाती हैं कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुत अच्छी गाड़ी है। यह छोटी सब-4-मीटर एसयूवी होते हुए भी बड़ी गाड़ियों जैसा आराम, जगह और सुरक्षा देती है। ज्यादा लोगों को यह गाड़ी मिल सके और इसकी सफलता का जश?न मनाने के लिए, हमने इसकी शुरूआती कीमत को अप्रैल के अंत तक नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

विकास के वादे को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कैबिनेट मंत्री गंगवा

-कैबिनेट मंत्री ने बरवाला में 5 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ, नागरिकों की सुनी समस्याएं

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 06 अप्रैल। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र बरवाला में नगर पालिका बरवाला द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इनमें टोहाना रोड से हांसी रोड वाया भगत सिंह चौक, सुमेश खेडी वाले के घर से सिविल अस्पताल रोड, रवि राजलीवाला के घर से राजू खेदड वाले के घर तक, राम किशोर के घर से सिविल अस्पताल तक, सिटी अस्पताल से भारती विद्या मंदिर, ब्लड बैंक से सिटी अस्पताल तक पुरानी नगरपालिका समिति से चन्द्रभान के घर तक सडक निर्माण, वार्ड नं 13 में सामुदायिक केन्द्र के नवीनीकरण, श्री श्याम वाटिका सेवा समिति का नवनिर्माण, नंदीशाला में शेड का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करेगा और लोगों को बेहतर सडक सुविधा मिलेगी। जल्द ही नगर के दोनों और भव्य स्वागत द्वार सहित सीवरेज, पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित निर्माण कार्य भी आरंभ होंगे।इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपने संबोधन में मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सरकार विकास के वादे को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार गांवों को मुख्यधारा से जोड? के लिए सडक नेटवर्क को मजबूत कर रही है। हमारी प्राथमिकता है कि गांव-गांव तक पक्की सडकें पहुंचे, ताकि नागरिकों को आवाजाही में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सडकें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और इनका बेहतर होना शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार में सकारात्मक बदलाव लाता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्येय है कि हर विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को इतना सशक्त किया जाए कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में बरवाला क्षेत्र में और भी कई विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें जल आपूर्ति, स्वास्थ्य केंद्रों का आधुनिकीकरण और ग्रामीण खेल सुविधाएं प्रमुख रहेंगी।

इस मौके पर नागरिकों ने मंत्री के समक्ष पेयजल संकट, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी, और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी जैसी समस्याएं रखीं। मंत्री गंगवा ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर भी बात की और कुछ मामलों में अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन रमेश बेटरीवाला, वाइस चेयरमैन ताराचन्द नलवा, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, देव शर्मा, सोनू संदुजा, सुरेख गोयल, सुरेश शर्मा, सुनील, रामपाल, पार्षद कांता देवी, धर्मसिंह लांग्यान, राधेश्याम गदली, ज्योति बंसल, सतबीर सैनी, सुशील आनंद, मोहन सिंह, सुरेन्द्र नौशावत, कालुराम, रामचन्द्र मौर्य, संपत, मदन लाल कामरेड, महेंद्र सेतिया, परमिंदर मेहता, डॉ देशराज वर्मा, राजेंद्र मौर्या, प्रधान कृष्ण सोनी, रामकेश बंसल, बुधराम गुप्ता, सुंदर सिंह गोयल, विनोद बंसल, बुधराम, दीपेंद्र, मानसिंह चौहान, बीरसिंह खयालिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पैकेजिंग इंडस्ट्री के सी ई ओ ने प्रोडक्शन हाउस "आर सीज फिल्मीलिंक्स" किया लांच

हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार

चंडीगढ़, 06 अप्रैल। नालागढ़-बद्दी स्थित पैकेजिंग इंडस्ट्री के सी ई ओ राजन चोपड़ा ने प्रोडक्शन हाउस "आर सीज फिल्मीलिंक्स" शुरू करने की घोषणा आज यहाँ चंडीगढ़ प्रेस क्लब में की। प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बने पहले सांग को भी उन्होंने गीत संगीत के श्रोताओं के सामने पेश किया है, जिसमे उन्होंने अपने सुपुत्र गोकुल चोपड़ा को भी बतौर मॉडल लांच किया है।

राजन चोपड़ा ने बताया कि बोधिसिट्टा कमल सिंह मलही के आशीर्वाद से वो आज अपने सपने को साकार कर पाए हैं। वो वर्षों से नालागढ़- बद्दी में पैकेजिंग इंडस्ट्री चला रहे हैं। पुत्र गोकुल का मॉडलिंग और एक्टिंग के प्रति रूझान देखते हुए उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस खोलने का निश्चय लिया। जिसे आज अन्नाउन्स कर साकार किया गया है। इस प्रोडक्शन हाउस "आर सीज फिल्मीलिंक्स" के बैनर तले पहले ही गाने "हे सुनो" का दुबई में वीडियो शूट किया गया है।

गाने में मेल मॉडल गोकुल चोपड़ा और फीमेल मॉडल जैस्मीन हैं। गाने के लिरिक्स और म्यूजिक डॉक्टर टी जे का है। जबकि म्यूजिक डायरेक्टर सुमित और एडिटर सरबजीत सिंह सोहल हैं। 3 मिनट 40 सेकंड का यह हिंदी रोमांटिक सांग है।

गुजवि के सम्बद्ध डिग्री व विधि महाविद्यालयों की सत्र मई 2025 की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक मई से होंगी शुरू

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 06 अप्रैल। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों एवं विधि महाविद्यालयों के अंडरग्रेजुएट एवं पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों की सत्र मई 2025 सम सेमेस्टर की मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट/अतिरिक्त पेपर की परीक्षाएं 01 मई 2025 से शुरू होंगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए डेट शीट जारी कर दी गई है, जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही यह डेट शीट विश्वविद्यालय के सम्बद्ध डिग्री व विधि महाविद्यालयों में भी भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं का समय सायं के सत्र में दोपहर बाद 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि बैच 2021 से आगे की बीकॉम/बीकॉम ऑनर्स छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2021 से आगे की बीबीए छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीए मास कम्युनिकेशन छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीएससी छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट/अतिरिक्त पेपर, बैच 2022 से आगे की पीजी डिप्लोमा द्वितीय सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2018 से आगे की बीएएलएलबी ऑनर्स-पंचवर्षीय इंटेग्रेटिड कोर्स आठवां व दसवां सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की एलएलबी तीन वर्षीय छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीसीए छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, सभी बैच की एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट, बैच 2021 से आगे की एलएलएम दो वर्षीय-चतुर्थ सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/ इम्प्रूवमेंट, बैच 2020 से आगे की बीए व बीए ऑनर्स छठा सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट/अतिरिक्त पेपर तथा सभी बैच की एमए चतुर्थ सेमेस्टर मेन/रिअपीयर/इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होंगी। परीक्षा केन्द्र का नाम विद्यार्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर या संचालन शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

हरियाणा उदय: साइक्लोथॉन-2.0 का आज बाघोत में होगा भव्य स्वागत

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

नारनौल, 06 अप्रैल। युवाओं को नशे से बचाने की मुहिम के साथ राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिस साइक्लोथॉन-2.0 को हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था वह 7 अप्रैल को जिला के गांव बाघोत में पहुंचेगी। इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधि तथा उपायुक्त डॉ विवेक भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे तथा साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत करेंगे। 7 अप्रैल को बाघोत में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव मौजूद रहेंगे। वहीं 8 अप्रैल को आईटीआई से विधायक ओम प्रकाश यादव यात्रा को रवाना करेंगे।

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत "एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम" थीम पर आधारित इस साइकिल यात्रा को लेकर जिला महेंद्रगढ़ के साइकिलिस्ट में भारी उत्साह है। जिला के 47000 से अधिक साइकिलिस्ट ने इसके लिए पंजीकरण करवाया है। यह प्रदेश में सर्वाधिक है। दूसरे नंबर पर हिसार में 43551 नागरिकों ने पंजीकरण कराया था। पहले दिन 7 अप्रैल को साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा बाघोत से चलकर नारनौल तक चलेगी। वहीं अगले दिन यानी 8 अप्रैल को आईटीआई नारनौल से रवाना होकर रेवाड़ी के लिए चलेगी।

स्वस्थ व्यक्ति जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से कर सकता है पूरा: सुनील कुमार

डीएसपी सुनील कुमार ने साइकिल रैली को हरी झंडी देकर किया रवाना

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से साई कुरुक्षेत्र से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पुलिस प्रशासन के सहयोग से साइकिल रैली निकाली गई। इस साइकिल रैली को डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से पूरा कर सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही अपने खान-पान की आदतों को भी ठीक रखना होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊजार्वान जीवनशैली की कुंजी है। उन्होंने इस

बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। डीएसपी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के नशा मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस रैली के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया है। जब युवा नशे से दूर रह कर साइकिल रैली जैसे कार्यक्रम में भाग लेंगे तो युवा हमेशा फिट रहेंगे। उन्होंने फिट इंडिया फिटनेस मूवमेंट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊजार्वान जीवनशैली की कुंजी है।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। इस अवसर पर साई इंचार्ज व सहायक निदेशक बाबू राम रावल, प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, डीआईपीआरओ डा नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, एसपी पीआरओ नरेश सागवाल, इंस्पेक्टर रामकरण, इंस्पेक्टर नरेश कुमार, नरेंद्र ठाकुर, सोहन लाल, कोमल, चाँद राम, विनोद गर्ग, वीरभान, नरेश कुमार मौजूद रहे।

अन्तोदय के साथ विकसित भारत के सपने को साकार करने को संकल्पित है भाजपा : अनिल वर्मा

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। देश के गरीबों की अनदेखी से विचलित होकर अन्तोदय के संकल्प को लेकर 6 अप्रैल 1980 को एक छोटे से पौधे के रूप में अंकुरित पार्टी अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव हासिल कर चुकी है और लगातार तीसरी बार केंद्रीय सरकार के रूप में समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास और राष्ट्र उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। उक्त विचार भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि त्याग, तपस्या से ही किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है और भाजपा संगठन के संस्कारों में ही कार्यकताओं को निस्वार्थ रूप से जनता की सेवा और अखंड, अक्षुण्ण, गौरवशाली भारत के लिए जीवन समर्पित करने की प्रेरणा दी जाती है जिस कारण आज करोड़ों सदस्यों के साथ पार्टी दूसरे राजनीतिक दलों से कई गुणा आगे खड़ी है और बाकी दलों को भी संगठनात्मक मोर्चे पर विस्मित कर रही है। अनिल वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल के दिन पूरे राष्ट्र में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर स्थापना दिवस मनाया है और कार्यकताओं ने भविष्य में भी पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया है।

भगवान श्रीराम के आदर्श और मयार्दा जन जन में आस्था एवं विश्वास के रूप में व्याप्त : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। मयार्दा पुरुषोत्तम राम का सामाजिक महत्व उनके चरित्र, आदर्शों और मूल्यों में निहित है, जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। वे सत्य, न्याय, धर्म और मयार्दा के प्रतीक हैं, जो समाज को दिशा देते हैं। उन्होने दया, सत्य, सदाचार, मयार्दा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसी कारण से उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यार्थियों ने सुमधुर भजनों के गायन द्वारा भगवान श्री राम की स्तुति की। श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। रामोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा का पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे, तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सब में सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन में अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है।वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। भगवान श्रीराम की आदर्श और मयार्दा भारत के जन जन में लोक आस्था एवं विश्वास के रूप में व्याप्त है।

खालसा पंथ सृजना दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय गुरमत समागम आयोजित

पंथ प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वाले ने संगत को किया निहाल

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल एकेडमी खानअहमदपुर में गुरू ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट व इलाके की संगत के सहयोग से खालसा पंथ सृजना दिवस वैशाखी को समर्पित दो दिवसीय गुरू मान्यो ग्रंथ चेतना समागम श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। समागम में सैंकड़ों की संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवा कर अरदास की। पंथ प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वाले ने संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया। उन्होंने कहा कि हमें खुद से बेहतर बनने की जरूरत है।

हमें हर रोज अपने आप से तुलना करनी चाहिए कि आज मैनें कल से क्या अच्छा किया है, लेकिन आदमी स्वयं का मुकाबला अन्य से करता है। अगर हम स्वयं को बेहतर बना लेंगे, तो सब सही हो जाएगा। सब

पहले से कई गुणा बेहतर और लाभदायक होगा। उन्होंने संगत से कहा कि इंसान बने और इंसानियत से प्यार करें। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व मोबाइल का प्रयोग कम करने की अपील की। इससे पूर्व सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भाई रणजीत सिंह ने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया। वहीं, अमृत संचार में 43 प्राणी अमृत पान कर सिंह सजे। इस दौरान आयोजकों द्वारा अटूट लंगर का आयोजन किया गया। समागम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी खानअहमदपुर, निरभऊ निरवैर फाउंडेशन कुरूक्षेत्र, बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा सोसायटी बराड़ा, सिंह ब्रदर वैलफेयर सोसाइटी, सेवा ट्रस्ट युके, मास्टर गुलाब सिंह,
तलविन्द्र सिंह, सुखदीप सिंह कुरूक्षेत्र, बाबा कश्मीरा सिंह करनैल, एचएसजीपीसी सचिव सुखविन्द्र सिंह मंडेबर, मनदीप रोड़ छप्पर, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य राजिन्द्र सिंह, रणजीत सिंह खटडा, लक्की नहौनी, अमन कुमार, ब्राइट फ्यूचर एकेड़मी स्टाफ, कृष्ण राणा, रजत मलिक सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

छात्राओं का आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण की दिशा में किया मार्गदर्शन

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। उदयन शालिनी फेलोशिप, कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा विशेष आनलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सार्थक पहल का संचालन चैप्टर कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध प्रोफेशनल साइकोलॉजिस्ट एवं थेरेपिस्ट डॉ. स्वतंत्र जैन ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता से शालिनियों को आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। कुल 56 शालिनियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र की शुरूआत बहुत ही सरल लेकिन प्रभावशाली अंदाज में हुई, जहां डॉ. जैन ने सबसे पहले यह समझाया कि जीवन में सही करियर का चुनाव केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है, जो हमारे पूरे भविष्य को आकार देता है। उन्होंने करियर चयन में होने वाली आम गलतियों जैसे सामाजिक दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएँ, सीमित जानकारी या केवल आर्थिक लाभ को आधार बनाना जैसे मुद्दों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि करियर का चयन केवल पैसे कमाने का साधन नहीं होना चाहिए, बल्कि वह हमारी रुचियों, जुनून और नैतिक मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए, तभी हम उसमें संतोष और सफलता पा सकते हैं। सत्र में यह भी बताया गया कि कई बार छात्राएँ अपनी योग्यताओं और रुचियों को पहचान नहीं पातीं, जिससे वे गलत दिशा में चली जाती हैं और बाद में पछतावा होता है। ऐसे में काउंसलिंग, स्किल असेसमेंट टेस्ट और प्रोफेशनल गाइडेंस से हम अपने अंदर की क्षमताओं को पहचान सकते हैं। उन्होंने प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे आत्मविश्वास, सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सत्र के अंतिम भाग में शालिनियों को अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया, जहाँ डॉ. जैन ने धैर्यपूर्वक और विस्तार से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। पूजा ने डॉ. स्वतंत्र जैन का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया और सभी शालिनियों ने भी इस ज्ञानवर्धक सत्र के लिए आभार प्रकट किया।

ड्रग्स के खिलाफ निकली साइक्लोथॉन को महज साइकिल यात्रा ना समझें: धर्मबीर सिंह

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 06 अप्रैल। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री धर्मबीर सिंह ने कहा कि ड्रग्स फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन को महज एक साइकिल यात्रा ना समझें। इस यात्रा का बहुत बड़ा उद्देश्य है और यह उद्देश्य सार्थक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए युवाओं के साथ-साथ हर नागरिक को जागरूक करना होगा।

सांसद श्री धर्मबीर सिंह रविवार को राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद आश्रम से ड्रग्स फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा को दादरी के लिए रवाना करने से पहले अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक वह समय था जब पंजाब प्रदेश देश का सबसे विकसित प्रदेश था, लेकिन कुछ बाहरी ताकतों ने हमारे देश को पीछे धकेलने के लिए युवाओं को नशे की लत में लगाया, परिणाम स्वरूप आज पंजाब प्रदेश ड्रग्स से जूझ रहा है। हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि यही ड्रग्स का नशा धीरे-धीरे हमारे हरियाणा प्रदेश में भी आ रहा है, जो बहुत बड़ी चिंता का विषय है। हमें इस नशे को यहीं पर रोकना होगा। यह तभी संभव है जब हर नागरिक जागरुक हो और अपने आस-पास नजर रखें कि कहीं कोई भी किसी प्रकार से ड्रग्स आदि नशे की बिक्री ना कर रहा हो।

अपना संदेश देते हुए भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में हम सबको साथ देना है और हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद करता है। युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

इस दौरान डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि इस साइकिल यात्रा के दौरान जिले से हजारों युवाओं ने शामिल होकर अपना समर्थन दिया है और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया है। युवाओं को एक संदेश इस यात्रा के माध्यम से दिया गया है कि वे किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा सामाजिक दायित्व बनता है कि हम युवाओं को सही दिशा दें।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि युवा अपने भविष्य पर ध्यान दें। नशे की लत से अपना जीवन बर्बाद ना करें। पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई खेल अवश्य अपनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी ड्रग्स या अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सख्ती बढ़ाने के साथ-साथ अनेक प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

खराब खानपान की आदतें और निष्क्रिय जीवनशैली युवाओं के स्वास्थ्य पर डाल रही हैं प्रभाव: वर्ल्ड हेल्थ डे पर डॉक्टरों की सलाह

7 अप्रैल को मनाया जाता है वर्ल्ड हेल्थ डे

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

चंडीगढ़, 06 अप्रैल। वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम ह्यस्वस्थ शुरूआत, आशावान भविष्यह्व के तहत, फोर्टिस अस्पताल, मोहाली की न्यूट्रिशन और डायटेटिक्स विभाग की प्रमुख डॉ. सोनिया गांधी ने बताया कि बच्चों और किशोरों में बढ़ रही गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) का मुख्य कारण खराब खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली है। डॉ. गांधी ने कहा कि खराब खानपान वाली आदतों वाले बच्चों को उनके स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में युवाओं में स्वास्थ्य समस्याओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण अस्वस्थ खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली है। शोध दशार्ते हैं कि ये कारक

मोटापा, पीसीओडी, हृदय रोग, इंसुलिन संवेदनशीलता में कमी, पाचन स्वास्थ्य में गिरावट, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिक विकार, एलर्जी और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट जैसी समस्याओं को जन्म दे रहे हैं, जो आवश्यक पोषक तत्वों की कमी और खाली कैलोरी, हानिकारक एडिटिव्स और रसायनों के अत्यधिक सेवन से जुड़ी हैं।

डॉ. गांधी ने आगे कहा कि खराब खानपान वाली आदतों वाले बच्चों को उनके विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिलते, जिससे वे या तो कुपोषित रह सकते हैं या अधिक वजन वाले हो सकते हैं। ऐसे बच्चे कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के चलते अधिक बीमार पड़ते हैं। युवाओं में खानपान की बदलती प्रवृत्तियों पर बात करते हुए डॉ. गांधी ने प्रोसेस्ड फूड, मीठे पेय और पोषक तत्वों से रहित भोजन के बढ़ते सेवन की ओर इशारा किया।

गांव नांगल में सैनिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 06 अप्रैल। भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भिवानी हल्के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। राज्य सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूर्णतया गंभीर है। यह बात उन्होंने भिवानी हल्के के गांव नांगल में सैनिक सम्मान समारोह के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को पूर्ण करने के बाद अपने संबोधन में कही। विधायक घनश्याम सर्राफ ने गांव नांगल के तीन विभिन्न वर्गों की धर्मशालाओं के निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की। इसके साथ ही गांव के जोहड़ी से नहर तक करीबन डेढ़ किलोमीटर का पक्का नाला बनवाए जाने की घोषणा भी की।

विधायक घनश्याम सर्राफ ने गांव नांगल में पहुंचने पर ग्राम पंचायत नांगल व श्री श्याम दीवाना मंडल द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक ने मुख्य बस स्टैंड पर 40 फुट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया। जिसके बाद मोटरसाईकिल काफिले के साथ विधायक गांव के कम्यूनिटी हॉल में पहुंचे, जहां गांव के बुजुर्गों ने उन्हे पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंच का संचालन कामरेड फूल सिंह इंदौरा व जगदीश साहब ने किया तथा उन्होंने सरपंच कुलदीप के माध्यम से विधायक को गांव का मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर विधायक ने गांव के पूर्व सैनिकों को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। इसके साथ ही गांव के 7 पूर्व सरपंच, 6 नंबरदार, बीडीसी सदस्य अरूण कुमार व जिला पार्षद प्रीति को भी सम्मानित किया। विधायक ने गांव के मुख्य मांगों के अलावा गांव की अधूरी पड़ी फिरनी को पक्का करवाए जाने, गांव के बस अड्डे व धारेड़ू रोड़ पर स्थित दो दर्जन घरों तक बिजली के पोल पहुंचाने, ग्रामीणों द्वारा ट्यूब्बैल के लिए स्थान दिए जाने के बाद पीने के पानी की व्यवस्था करवाए जाने तथा गांव की तीन विभिन्न वर्गों की धर्मशालाओं के लिए 5-5 लाख रुपए की कुल 15 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा के साथ ही गांव के जोहड़ से नहर तक डेढ़ किलोमीटर पक्का खाला बनवाए जाने सहित विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की बात कही।

इंडिया ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2025-26 के लिए हुए ट्रायल

- प्रदेशभर से 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 06 अप्रेल। इंडिया ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2025-26 हेतु हरियाणा ओपन सलेक्शन ट्रायल (लडके व लड़कियां) प्रक्रिया शनिवार को शाह सतनाम जी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम सिरसा में शुरू हुई। ताइक्वांडो स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोएिशन सिरसा की ओर से आयोजित दो दिवसीय ट्रायल में किड्स, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर तथा पैरा (क्योरुगी व पूमसे) कैटेगरी में खिलाडि?ों ने अपने ट्रायल दिए। पहले दिन 18 जिलों से 300 खिलाडि?ों ने विभिन्न आयु वर्ग में ट्रायल दिए। इनमें 180 पुरुष व 120 महिला खिलाड़ी शामिल

रहे। पहले दिन हुए अंडर-41 किलोग्राम भार वर्ग में सिरसा का हर्षित प्रथम, पंचकुला का समर कक्कड़ द्वितीय व रोहतक का जतिन व पलवल मोहित संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। वहीं अंडर-45 किलोग्राम भार वर्ग में करनाल का सिद्धार्थ पहले, फरीदाबाद का दक्ष गुलिया दूसरे स्थान पर रहा। जबकि सिरसा का इश्मीत व लवदीप संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर रहे। वहीं इससे पहले ट्रायल प्रक्रिया का शुभारंभ शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के हॉस्टल वार्डन सुनील, स्पोर्ट्स इंचार्ज अजमेर सिंह द्वारा किया गया। जबकि पहले दिन के सायंकालीन सत्र में गुसाईयाना के सरपंच रघुवीर सिंह, कागदाना के पूर्व सरपंच सुनील कुमार, कृषि विभाग से एडीओ सुनील कुमार उपस्थित हुए और खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। प्रथम दिन ट्रायल प्रक्रिया फेडरेशन के हरियाणा सचिव विनोद सैनी, टेक्निकल डायरेक्टर राजपाल, गुरुग्राम से मनोज, हिसार से नीरज, सिरसा से रविंद्र कुमार, सोनीपत से मनोज देशवाल सहित अन्य प्रशिक्षकों की अगुवाई में संपन्न हुई।

श्री खाकी बाबा रामचरितमानस मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया रामनवमी का पर्व, ठाकुर जी को 56 भोग लगाकर किया प्रसाद का वितरण

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 06 अप्रैल। स्थानीय श्री खाकी बाबा रामचरितमानस मंदिर में रविवार को रामनवमी के पर्व पर भक्तिभाव और श्रद्धा से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला। यहां भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया और विशेष पूजा-अर्चना के साथ ठाकुर जी को 56 भोग का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामकृपाल दास जी महाराज के सान्निध्य में किया गया।

युवाओं को नशे से दूर रहने का अनोखा संदेश देगी साइक्लोथॉन : नेहा सिंह, कुरुक्षेत्र में 21 अप्रैल को पहुंचेगी साइक्लोथॉन, जगह-जगह साइक्लोथॉन का किया जाएगा जोरदार स्वागत

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 06 अप्रैल। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने का विशेष संदेश देने के लिए साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र में पहुंचेगी। यह साइक्लोथॉन हिसार से चलकर 27 अप्रैल को सिरसा जिले में सम्पन्न होगी। इस साईकिलोथॉन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि साइक्लोथॉन में प्रदेश भर से 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उपायुक्त नेहा सिंह साइक्लोथॉन को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आन लाइन प्रणाली से साइक्लोथॉन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सख्त आदेश दिए। इस साइक्लोथॉन के लिए नगराधीश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढूनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साइक्लोथॉन यात्रा रुकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। इस साइक्लोथॉन का जगह-जगह स्वागत करने के लिए गांव के सरपंचों और गणमान्य नागरिकों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि खेल विभाग के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के अन्य नागरिक भी इस साइक्लोथॉन में भाग ले।

तूफानों के बीच थीम पार्क की सुंदर दुनिया

खूबसूरत बिल्डिंगों से सजा आधुनिक शहर... चमचमाती रोशनी... साफ–सुथरी सड़क... तेज जिंदगी और एक भूकम्प..... खूबसूरत शहर का एकाएक खाक हो जाना... यह मंजर सोचकर ही भयावह लगता है, लेकिन अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के नागरिकों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। अपनी जीवटता के कारण वे हर तूफान के बाद शहर की बदशक्ल हो चुकी शक्ल को पहले से ज्यादा सुंदर बना देते हैं।

खूबसूरत बिल्डिंगों से सजा आधुनिक शहर... चमचमाती रोशनी... साफ-सुथरी सड़क... तेज जिंदगी और एक भूकम्प..... खूबसूरत शहर का एकाएक खाक हो जाना... यह मंजर सोचकर ही भयावह लगता है, लेकिन अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के नागरिकों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। अपनी जीवटता के कारण वे हर तूफान के बाद शहर की बदशक्ल हो चुकी शक्ल को पहले से ज्यादा सुंदर बना देते हैं।

आज हम आपकी मुलाकात करा रहे हैं, फ्लोरिडा की खास पर्यटन नगरिया ओरलैंडो से। ओरलैंडों की आबादी मात्र दो लाख है, लेकिन यहाँ हर साल लगभग पाँच करोड़ पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की खासी आवाजाही ने इस उपनगर को महानगर जैसा रूप दे दिया है। होटलों की दृष्टि से यह अमेरिका का दूसरा बड़ा शहर है। ओरलैंडों को पॉप म्यूजिक की राजधानी भी माना जाता है। यहाँ का रॉक म्यूजिक काफी लोकप्रिय है। रात का सुरमई अँधेरा छाते ही यहाँ के पब और डिस्कोथेक रोशन हो जाते हैं। यहाँ के लाइव रॉक बैंड इस माहौल में चार चाँद लगा देते हैं।

आकर्षण:- वंडर वर्क्स : फ्लोरिडा में बार-बार तूफान आते हैं। इन तूफानों से प्रेरणा लेकर ओरलैंडों वासियों ने एक अनूठे भवन का निर्माण करवाया है और उसे नाम दिया है - वन्डर वर्क्स। यहाँ के इंटरनेशनल ड्राइव मार्ग पर बनी यह इमारत सभी का ध्यान खींचती है। बिल्डिंग को देखते ही महसूस हो जाता है कि इसे यह नाम क्यों दिया गया। बिल्डिंग को पूरी तरह उल्टा बनाया गया है।

इसकी छत नीचे और नींव ऊपर है। इसे एक नजर देखने के बाद महसूस होता है कि तेज तूफान ने इसे जड़ से उखड़े पेड़ की तरह उखाड़ फेंका है। आप इस बिल्डिंग के बाहरी स्वरूप को देखकर ही ठिठक जाएँगे, लेकिन जरा अंदर जाइए जनाब। बिल्डिंग के अंदर आपके लिए काफी कुछ है। कम्प्यूटर के इस युग में यहाँ हर चीज तकनीक से सजी है। यहाँ एक खास कमरे में आप भूंकप या तूफान के समय होने वाले कंपन को महसूस कर सकते हैं। बच्चों के लिए यहाँ खासी मनोरंजक चीजों का भंडार है।

यूनिवर्सल स्टूडियो- यह फिल्म और टीवी सीरियल बेस थीम पार्क है। इस थीम पार्क की सबसे मजेदार बात है कि यहाँ आप स्क्रीन के अंदर जाकर रील लाइफ में एक्शन का लुत्फ ले सकते हैं। यहाँ आप 'शार्क' फोर डी जैसी ऑस्कर विनिंग फिल्म में प्रिंसेस फियोना का साथ दे सकते हैं।

यहाँ सारी फिल्में इंटरेक्टिव सेक्शन में रखी गई हैं। जैसे शार्क थ्री डी फिल्म है, लेकिन यहाँ उसे फोर डी का रूप देकर नन्हे मेहमानों के लिए खास डायमेंशन बनाया गया है। शार्क की ही तरह यहाँ ' रिवेंज ऑफ द ममी, फियर फेक्टर लाइव, मेन इन ब्लैक, ईटी एडवेंचर' जैसी फिल्में इंटरेक्टिव सेक्शन में शामिल हैं।

डिजनी लैंड:- ओरलैंडो को बच्चों का स्वर्ग कहा जाए तो गलत न होगा। यहाँ बच्चों के लिए काफी कुछ है... इनमें से एक है डिजनी लैंड। यहाँ आकर बच्चे कार्टून की रंग-बिरंगी दुनिया से रू-ब-रू होंगे। बच्चे यहाँ न सिर्फ खूबसूरत कार्टून कैरेक्टर जैसे मिक्की-माउस, एरियल, चिकिन लिटल आदि से मिल सकते हैं, बल्कि कार्टून फिल्म कैसे बनाई जाती है आदि प्रकियाएँ भी देख-समझ सकते हैं। यहाँ वे वॉल्ड डिजनी की कल्पनाओं से भी रु-ब-रू हो सकते हैं, जो मिकी के चरित्र को रचते समय उनके जेहन में थीं।

यहाँ के मैजिकल कासल में 'विश कम ट्रू' नामक 12 मिनट की खूबसूरत फिल्म दिखाई जाती है। इस फिल्म में डिज्नी के क्लासिकल गानों और कार्टून कैरक्टरों के संवादों को मिलाकर दिलचस्प फिल्म दिखाई जाती है। इसके अलावा यहाँ हर रात होने वाला फायर वर्क्?स शो बच्चों को काफी पसंद आता है। इस शो में आधे घंटे तक तेज रोशनी वाले पटाखे जलाए जाते हैं।

वॉटर पार्क - कुछ एक्साइटिंग और एडवेंचरस चाहिए तो डिजनी लैंड का वॉटर पार्क आपकी सही मंजिल है। यहाँ कई फन पैक्ड वॉटर राइड्स हैं। बड़े और बच्चों दोनों को ध्यान रखकर वॉटर स्लाइड्स बनाई गई हैं। यहाँ आकर आपको लगेगा कि आप वॉटर वर्ल्ड में आ गए हैं।

नासा का कैनेडी स्पेस सेंटर:- ओरलैंडो से मात्र 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, नासा का विश्व प्रसिद्ध कैनेडी स्पेस सेंटर। आप कुछ आवश्यक इजाजत लेकर विज्ञान की इस दुनिया को जान समझ सकते हैं।

फायर वर्क्स डेः- ओरलैंडो में न्यू ईयर ईव और स्वतंत्रता दिवस के दिन खासतौर पर फायर वर्क्स डे मनाया जाता है। इस दिन ओरलैंडोवासी 'दीवाली' की तरह रोशन रात का जश्न मनाते हैं। सरकार की तरफ से खास आयोजन किए जाते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से लोग आते हैं।

कब जाएँ- ओरलैंडो जाने के लिए जुलाई-अगस्त का मौसम सबसे अच्छा है। ' समर' यहाँ का पीक मौसम है। इस समय पर्यटकों की भीड़ इस शहर को घेर लेती है। 4 जुलाई के दिन यहाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस समय आप यहाँ लोकतांत्रिक अमेरिका को ओरलैंडों की नजर से बेहद खूबसूरत लाल-नीले और सफेद रंग में निहार सकते हैं।

कैसे जाएँ- आप अमेरिका के लिए दिल्ली या मुंबई से सीधी फ्लाइट ले सकते हैं। इस शहर में हवाई यात्रा का खासा जाल बिछा हुआ है। यहाँ का ओरलैंडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट और सेनफोर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश-विदेश की करीब साठ एयरलाइंस से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा शहर में बस, टैक्सी और ट्रेन का अच्छा जंक्शन है, जिन्हें आप अपने बजट के अनुसार चुन सकते हैं।

कहाँ ठहरे- होटलों की दृष्टि से ओरलैंडो अमेरिका का दूसरा बड़ा शहर है। यहाँ सस्ते टूरिस्ट हाउस से लेकर मँहगे आलीशान फाइव स्टार होटल हैं। आप यहाँ जाने से पहले होटल की ऑनलाइन बुकिंग कर लें तो बेहतर होगा। यदि आपका कार्यक्रम तय है तो काफी पहले बुकिंग करें। पीक डेज में बुकिंग काफी मँहगी हो जाती है। यहाँ पहले आओ, सस्ता पाओ का फंडा काफी चलता है। इसके साथ ही डिजनी के रिसॉर्ट में ठहरने का अनुभव भी बेहद अनूठा है। यदि यह आपके बजट को सूट करता है तो यहाँ जरूर ठहरें।

बजटः- यदि आप इंडिया से पहले अमेरिका और फिर ओरलैंडों जा रहे हैं तो दो व्यक्तियों के लिए कम-से-कम डेढ़ लाख का खर्चा आएगा। कई अच्छे टूर पैकेज उपलब्ध हैं। उन पर खास ध्यान रखिए। यदि अमेरिका से ओरलैंडों जाना चाहते हैं तो 600-700 डॉलर (25,000 से 30,000 रु.) में काम चल जाएगा।

टिप्सः- क विदेश यात्रा के समय काफी पहले से तय किया कार्यक्रम आर्थिक रूप से फायदेमंद होता है। आप काफी अच्छे ऑफर्स पहले से ही बुक कर सकते हैं। एक कहावत है कि यदि अमेरिका और यूरोप में पहले से बुकिंग करो तो पाँच सौ रुपय में विम्बलडन का मजा ले सकते हो।

क आज तकनीक का जमाना है। जब भी विदेश घूमने का मन हो, नेट को सच्चा गाइड मानकर लगातार सर्च करते रहें। लेकिन हमारी सलाह है कि बुकिंग आदि के लिए ऑफीशियल साइट का ही उपयोग करें। यहाँ गलत जानकारी और ठगे जाने की संभावना न के बराबर होती है।

कवीजा की पूरी तैयारी काफी पहले से कर लें। ताकि ऐन वक्त पर परेशानी न उठानी पड़े।

कविदेश भ्रमण के समय पासपोर्ट का खास ख्याल रखें। मौज-मस्ती में इसे घुमा न दें।

क विदेश जाते समय हेल्थ बीमा अवश्य करवाएँ। सही समय पर थोड़े से पैसे खर्च करने से आप भविष्य में आने वाली एकाएक तकलीफ के लिए तैयार रहेंगे। शुभ यात्रा।

दमन और दीव दो सुंदर द्वीप

भारत के केंद्रशासित प्रदेशों में दमन और दीव भी है। अरब सागर की अपार-अगाध जलराशि ने इन्हें व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना दिया है। हालाँकि ये बहुत छोटे-छोटे द्वीप हैं, परंतु इनकी प्राकृतिक सुंदरता, विविध संस्कृतियों का मेल व सुंदर समुद्र तटों ने इन्हें असीम खूबसूरती से नवाजा है। गुजरात व महाराष्ट्र राज्य की नजदीकी ने यहाँ के पर्यटन को फलने-फूलने का पूरा मौका दिया। बहुत समय तक दमन और दीव पर पुर्तगालियों का शासन था। उसके बाद इसे पुर्तगालियों से आजाद कराकर गोआ में मिला दिया गया। वर्ष 1987 में इसे एक अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।

दमन और दीव की स्थिति : भारत के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मुंबई से दमन की दूरी लगभग 193 कि.मी. है। यह पूर्व में गुजरात राज्य से तथा पश्चिम में अरब सागर से जुड़ा है। इसके उत्तर में 'कोलाक' तथा दक्षिण में 'कलाई' नदी है। दमन का पड़ोसी जिला गुजरात का वलसाड जिला है। दीव भारत का एक ऐसा द्वीप है, जो दो पुलों के द्वारा जुड़ा है। दीव गुजरात के जूनागढ़ जिले से जुड़ा है।

क्या है दमन में : दमन दो भागों में 'मोटी दमन' और 'नानी दमन' में विभाजित है। इन दोनों भागों को विभक्त करने वाली नदी दमनगंगा नदी है। मोटी दमन में कई पुराने चर्च हैं, जिनमें प्रमुख चर्च 'कैथेडरल बोल जेसू' है। इस चर्च की दीवारों पर की गई ईसा मसीह के जीवन से संबंधित सुंदर चित्रकारी व लकड़ी की बेहतरीन नक्काशी पर्यटकों को यहाँ खींच लाती है। नानी दमन का मुख्य आकर्षण संत जैरोम का किला है, जो मुगलों के आक्रमण से सुरक्षा के लिए बनाया गया था।

इसके अलावा दमन के अन्य पर्यटक आकर्षणों में बोम जीजस चर्च, अवर लेडी ऑफ सी चर्च, अवर लेडी ऑफ रेमीडियोज चर्च, परगोला गार्डन, अम्यूजमेंट पार्क, दमनगंगा टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, काचीगाम, सत्य सागर उद्यान, मिरासोल गार्डन, मिरासोल वाटर पार्क आदि हैं। **दमन के बीचः** दमन की जमीन को छूते अरब सागर ने दमन को अप्रतिम प्राकृतिक सुंदरता व हरियाली प्रदान की है। दमन में दो बीच देविका बीच और जैमपोरे बीच हैं।

देविका बीच : यह बीच दमन से पाँच किमी उत्तर में है। यहाँ कई बड़े बार व रेस्टोरेंट भी हैं। यह बीच बच्चों को बहुत लुभाता है क्योंकि यहाँ बच्चों के लिए पार्क व अन्य सुविधाएँ हैं। **जैमपोरे बीच :** नानी दमन में स्थित यह बीच दमन का प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट भी है। यहाँ सर्वाधिक पर्यटक आते हैं। यहाँ का शांत वातावरण प्रेमियों को खींच लाता है। यही कारण है कि अधिकांश प्रेमी जोड़े यहाँ स्वच्छंदता की तलाश में आते हैं। तैराकी के लिए भी यह बीच बहुत अच्छा स्थान है।

क्या है दीव में : सेंट पॉल चर्च, दीव फोर्ट, पनीकोटा फोर्ट, घोघला बीच, चिल्ड्रन पार्क और समर हाउस यहाँ के मुख्य पर्यटन स्थल हैं।

दीव के बीचः

नगोआ बीच : यह दीव का बेहद ही सुंदर बीच है। दीव से 20 मिनट की ड्राइव करके आप आसानी से यहाँ पहुँच सकते हैं। जू?ते के आकार के समान होने के कारण 2 किमी तक फैला यह द्वीप अब पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है।

चक्रतीर्थ बीच : यह बीच हरियाली के सौंदर्य से भरपूर है। इस बीच के आसपास स्थित सुंदर बगीचे, खुला स्टेडियम इसे पर्यटकों के लिए फुल इंजॉयमेंट का स्थान बनाता है।

कब जाएँ दमन और दीव : वैसे तो दमन और दीव की जलवायु वर्षभर पर्यटकों को आकर्षित करती है किंतु यहाँ आने का उपर्युक्त मौसम अक्टूम्बर से मई तक का है।

कैसे पहुँचें दमन और दीव : सड़क मार्ग की लंबाई : दमन में 191 किमी का सड़क मार्ग है तथा दीव में 78 किमी तक लंबा सड़क मार्ग है।

नजदीकी रेलवे स्टेशन : दमन पश्चिम रेलवे के दिल्ली-मुंबई रूट पर स्थित है। यहाँ का नजदीकी रेलवे स्टेशन गुजरात का 'वापी' है। दीव मीटर गेज रेलवे लाइन से जुड़ा है। दीव का नजदीकी रेलवे स्टेशन 'दिलवाड़ा' है।



दार्जीलिंग और सिक्किमः हरियाली और रास्ता

रास्ता ही मानो ख्वाब था दिल्ली से बागडोगरा की फ्लाइट थी। जैसे ही बागडोगरा के एयरपोर्ट पर उतरे, तैयार खड़ी गाड़ी से शुरू हुआ दार्जीलिंग का सफर। वातावरण में चिपचिपाहट भरी उमस थी। लगा कि यहाँ आने का निर्णय गलत तो नहीं? लेकिन जैसे-तैसे कोर्सियांग नजदीक आने लगा, हरियाले पर्वत व ठंडी हवा अपना असर दिखाने लगे। बागडोगरा से कोर्सियांग होते हुए दार्जीलिंग का सफर करीब साढ़े तीन घंटे का था। दार्जीलिंग के लोकल सीन गंगा मैया, जापानी मंदिर, म्यूजियम वगैरह तो दर्शनीय थे ही, लेकिन वहाँ से करीब दो घंटे की दूरी पर स्थित मिरिक झील तक पहुँचने का रास्ता ही मानो ख्वाब जैसा था। हल्के हरे गलीचे की तरह बिछे चाय के खेत और गहरे हरे पर्दे की तरह खड़े ऊँचे पाइन ट्री किसी पोस्टर का-सा आभास दे रहे थे। वहाँ के हर घर के बाहर बेशुमार रंग-बिरंगे फूल वहाँ की घनी प्राकृतिक संपदा की कहानी स्वयं बयान कर रहे थे। शायद वहाँ की मिट्टी की ही खासियत थी कि हर झाड़ी पर पत्तों से ज्यादा फूल नजर आते थे। पूरी राह पर बीच-बीच में पेड़ों व पहाड़ों से लिपटे बादल गाड़ी में आकर कपोलों को छू जाते थे। बिलकुल किसी सपने की तरह जो दिखाई तो देते हैं, पर हाथ नहीं आते। लगा समुद्र में डुबकी लगाई अगले दिन टाइगर हिल पर सूर्योदय का दिलकश नजारा देखने हम 4 बजे ही उठकर पहुँच गए।

5 बजते-बजते सूर्यदेव ने अपना सिन्दूरी मस्तक जरा-सा ऊँचा किया तो इतने उजले लगे मानो समुद्र में डुबकी लगाकर आए हों। ये सारे नजारे कैमरे के साथ आँखों में भी कैद करके बिना किसी थकावट के अगले दो दिन के पड़ाव पेंलिग जा पहुँचे, जहाँ प्रसिद्ध फिल्म कलाकार डैनी डैंगजोप्पा का घर भी था।

यमनोत्री धाम यमुना के उद्गम स्थल की यात्रा

भारत की सर्वाधिक प्राचीन और पवित्र नदियों में गंगा के समकक्ष ही यमुना की गणना की जाती है। भगवान कृष्ण की लीलाओं की साक्षी रही यह नदी ब्रज संकृति की संवाहक है। भारतवासियों के लिए यह सिर्फ एक नदी नहीं है, भारतीय संस्कृति में इसे माँ का दर्जा दिया गया है।

यमुना नदी का उद्गम हिमालय के पश्चिमी गढ़वाल क्षेत्र में स्थित यमनोत्री से हुआ है। हिन्दू धर्म के चार धामों में यमनोत्री का भी स्थान है। आइए, हम अपने शब्दों के माध्यम से आपको यमनोत्री की सैर करवाते हैं। यमुना नदी की तीर्थस्थली यमनोत्री हिमालय क खूबसूरत वादियों में स्थित है। यमुना नदी का उद्गम कालिंद नामक पर्वत से हुआ है। हिमालय में पश्चिम गढ़वाल के बर्फ से ढँके श्रंग बंदरपुच्छ जो कि जमीन से 20,731 फुट ऊँचा है, के उत्तर-पश्चिम में कालिंद पर्वत है। इसी पर्वत से यमुना नदी का उद्गम हुआ है। कालिंद पर्वत से नदी का उद्गम होने की वजह से ही लोग इसे कालिंदी भी कहते हैं।

यमुना नदी का वास्तविक स्रोत कालिंद पर्वत के ऊपर बर्फ की एक जमी हुई झील और हिमनद चंपासर ग्लेशियर है। यह ग्लेशियर समुद्र तल से 4421 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। इसी ग्लेशियर से यमुना नदी निकलती है और ऊँचे-नीचे, पथरीले रास्तों पर इठलाती, बलखाती हुई पर्वत से नीचे उतरती है। यमुना नदी के इस शुद्ध निर्मल जल और स्वच्छंद प्रवाह

के दर्शन करने अनेक तीर्थयात्री और पर्यटन हर साल हजारों की संख्या में यमनोत्री धाम पहुँचते हैं। भक्तिभाव से यमुना नदी के दर्शन करने आने वालों के साथ-साथ एडवेंचर के शौकीनों और प्रकृतिप्रेमियों के लिए यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

तीर्थयात्री और पर्यटक देवी यमुना के मंदिर तक ही आते हैं। यह मंदिर पहाड़ी पर वास्तविक ग्लेशियर से कुछ नीचे स्थित है। इस मंदिर तक पहुँचने का मार्ग अत्यंत खूबसूरत है। इस मंदिर की चढ़ाई करते हुए आस-पास की हिमाच्छादित पहाड़ियों के मनोहारी दृश्य यात्रियों की सारी थकान को हर लेते हैं। जो लोग पहाड़ी पर चढ़ने में समर्थ नहीं होते उनके लिए यहाँ टट्टू और पालकी की सुविधा उपलब्ध है।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोनः01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।